


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 231

ग्वालियर, मंगलवार, 12 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




### मुख्यमंत्री श्री चौहान कोविड नियंत्रण एवं टीकाकरण की वर्चुअल समीक्षा बैठक

# वैक्सीन का दूसरा डोज की कोरोना से सुरक्षा की गारंटी

भोपाल।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन का दूसरा डोज ही सुरक्षा की गारंटी है। कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है, इसलिए लोगों को इससे बचने के लिए सजग रहने की जरूरत है। टीकाकरण ही इससे बचाव का प्रभावी उपाय है। जिन्होंने वैक्सीन का प्रथम डोज लगवा लिया है वे दूसरा डोज अवश्य लगवायें। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास से जिले के प्रभारी अधिकारियों के साथ कोविड नियंत्रण एवं टीकाकरण की वर्चुअल समीक्षा कर रहे थे।

जिले की प्रभावी कार्य-योजना बनायें

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रभारी अधिकारी कोरोना से बचाव औरटीकाकरण की प्रभावी कार्य-योजना बनायें। टीके का दूसरा डोज सभी को लग जाए, इसके लिए गंभीरता से कार्य करें। अपने जिले की परिस्थितियों के हिसाब से जिला कलेक्टर से समन्वय कर तीन दिवस में कार्य-योजना तैयार करें। इस कार्य-योजना की पुन~ समीक्षा कर टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा।

**महाअभियान चलाकर लगाया जायेगा दूसरा डोज**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोविड




नियंत्रण के लिए महाअभियान चलाकर वैक्सीन का दूसरा डोज लगवाया जायेगा। जिस तरह प्रथम डोज लगवाने के लिए सभी ने सक्रियता से कार्य किया है, उसी तरह दूसरा डोज लगाने के लिए भी पूरी गंभीरता से कार्य करें। वैक्सीन के दूसरे डोज का प्रतिशत ब?ाने के लिए भरसक प्रयास करें। अभी प्रदेश में 30 प्रतिशत लोगों को दूसरा डोज लग चुका है जो देश के 29 प्रतिशत औसत से थो?ा अधिक है। हमारा प्रयास हो कि प्रथम डोज लगवा चुके सभी व्यक्तियों को दूसरा डोज लग जाए। टीके के प्रथम एवं दूसरे डोज के अंतर की पूर्ति करने का भी प्रयास करें।

**प्रथम डोज का प्रतिशत भी बढ़ायें**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में 89 प्रतिशत लोगों को वैक्सीन का प्रथम डोज लग चुका है। प्रथम डोज लगाने में हम देश में अग्रणी हैं जो देश के 73 प्रतिशत औसत से अधिक है। प्रथम डोज के प्रतिशत को भी ब?ाने के प्रयास करें और इसे 90 प्रतिशत तक ले आयें। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्यश्री मोहम्मद सुलेमान, प्रबंध संचालक राष्टीय स्वास्थ्य मिशन श्रीमती प्रियंका दास, आयुक्त जनसंपर्क डॉ. सुदाम खा?, अपर सचिव मुख्यमंत्री श्रीमती छवि भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खास खबर

### उज्जैन के महाकाल मंदिर में डांस करने वाली महिला के खिलाफ गृह मंत्री ने दिए थे कार्रवाई के निर्देश



उज्जैन, एजेंसी। लोगों की धार्मिक भावनाओं की परवाह नहीं करने वालों को उसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। ऐसे ही एक मामले में उज्जैन के ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में फिल्मी गाने पर नृत्य करने वाली इंदौर की महिला मनीषा रोशन के खिलाफ महाकाल थाने में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। महिला के विरुद्ध आइपीसी की धारा 188 व 292 में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। महाकाल थाना पुलिस के अनुसार, मंदिर परिसर में मनीषा ने बिना अनुमति के नृत्य करते हुए फिल्मी गाने पर वीडियो बनाया था और इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था। नौ अक्टूबर को इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला मंदिर के संज्ञान में आया। सोमवार को मंदिर में ही फूल बेचने वाले राजेश उर्फ राजा की शिकायत पर मनीषा के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया।

**मंत्री के निर्देश पर दर्ज हुई एफआइआर**

मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में धार्मिक स्थानों पर वीडियो बनाकर लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना पर एसपी उज्जैन को महिला के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

### सुप्रीम कोर्ट ने दंगा मामले के आरोपित को अग्रिम जमानत देने से किया इन्कार

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने कथित दंगा मामले में एक आरोपित को अग्रिम जमानत देने से इन्कार करते हुए कहा कि




अदालत उस व्यक्ति के बचाव में नहीं आएगी, जो जांच एजेंसी के साथ सहयोग नहीं कर रहा है और फरार है। शीर्ष अदालत ने कहा कि मार्च 2017 में हुई घटना के संबंध में उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 307 (हत्या का प्रयास) और 147 (दंगा के लिए सजा) सहित विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले को लेकर याचिकाकर्ता और अन्य सह-आरोपितों के खिलाफ नवंबर 2018 में आरोपपत्र पहले ही दाखिल किया जा चुका है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता लगातार फरार है। उसके खिलाफ आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 82 के तहत फरार घोषित करने की कार्रवाई भी शुरू की जा चुकी है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इस साल जून में आरोपित की अग्रिम जमानत के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी थी।

### भाजपा कार्यकारिण में नाम न होने बोली मेंनका गांधी

# इससे कद नहीं घटता

सुलतानपुर, एजेंसी। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति में जगह नहीं मिलने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद मेनका गांधी ने कहा कि इससे उनका कद कम नहीं हो जाता है। मेनका गांधी संसदीय क्षेत्र में भ्रमण के दूसरे दिन कहा कि राष्ट्रीय कार्यसमिति से उनका हटाया जाना कोई बड़ी बात नहीं है, न ही चिंता करने की जरूरत है। वह 25 साल से कार्यसमिति में हैं। उन्हें बदले जाने से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता है। कार्यकारिणी में बदलाव करने का हक पार्टी को है। नए लोगों को अवसर मिलना चाहिए।

सांसद मेनका गांधी ने जोर देकर कहा कि मैं अपने कर्तव्यों से अवगत हूं और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की सेवा करना मेरा पहला कर्तव्य है। बता दें कि हाल ही में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की



घोषणा की है। 80 सदस्यीय कार्यकारिणी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर कई केंद्रीय मंत्रियों, राज्य के कई नेताओं के नाम शामिल हैं। इस सूची में लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी जैसे दिग्गजों को फिर से शामिल किया गया है। वहीं, इस सूची में वरुण गांधी और मेनका गांधी का नाम नहीं है।

मेनका गांधी सोमवार को इसौली विधान सभा क्षेत्र के कई गांव में जनसंवाद के दौरान मीडिया के प्रश्नों का उत्तर दे रही थीं। उन्होंने कहा कि मुझे भ्रष्टाचारियों, चोरों व बेईमानों से बेहद नफरत है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। जनता से सांसद ने अपील किया कि अगर उनसे कोई रिश्वत लेता है और उनकी जानकारी में ले आएं, वह उसके खिलाफ कार्रवाई जरूर करेंगी।

जनसंवाद के दौरान जब सांसद मेनका गांधी को केसीसी धारक एक किसान से बीस हजार के बदले सोलह माह में ही 12 हजार के ब्याज की वसूली देहली बड़ौदा ग्रामीण बैंक शाखा द्वारा किए जाने की जानकारी हुई तो उन्होंने प्रबंधक को जमकर फटकारा और उन्हें धन वापस के निर्देश दिए गए। उन्होंने नंदौली गांव के प्रगतिशील किसान जमील अहमद के आटा मिल का निरीक्षण किया।

# स्विट्जरलैंड ने भारत को सौंपी स्विस बैंक खातों के विवरण की तीसरी सूची

नई दिल्ली, प्रेट्र, एजेंसी। भारत को स्विट्जर लैंड से स्विस बैंक खातों के विवरण की तीसरी सूची मिल गई है। स्विट्जरलैंड ने 96 देशों के साथ एक सालाना अभ्यास के तहत लगभग 33 लाख वित्तीय खातों का विवरण साझा किया है।स्विट्जरलैंड के संघीय कर प्रशासन (एफटीए) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस साल सूचनाओं के आदान-प्रदान में 10 और देश- एंटीगुआ और बारबुडा, अजरबैजान, डोमिनिका, घाना, लेबनान, मकाऊ, पाकिस्तान, कतर, समोआ और वुआतू शामिल हैं। जहां 70 देशों के साथ पारस्परिक आदान-प्रदान किया गया, स्विट्जरलैंड ने 26 देशों के मामले में कोई जानकारी नहीं दी। इसका कारण यह था कि या तो वे देश (14 देश) अभी तक गोपनीयता और डाटा सुरक्षा पर अंतरराष्ट्रीय



जरूरतों को पूरा नहीं करते या उन्होंने (12 देश) डाटा हासिल करना जरूरी नहीं समझा।

**96 देशों के साथ लगभग 33 लाख खातों का विवरण किया साझा**

एफटीए ने सभी 96 देशों के नामों और ज्यादा विवरण को उजागर नहीं किया है। अधिकारियों का कहना है कि भारत उन देशों में शामिल है जिन्हें लगातार तीसरे वर्ष सूचना मिली है और भारतीय अधिकारियों के साथ साझा किए गए विवरण बड़ी संख्या में व्यक्तियों और कंपनियों के स्विस वित्तीय संस्थानों में स्थित खातों से संबंधित हैं। यह आदान-प्रदान पिछले महीने हुआ था और स्विट्जरलैंड सितंबर, 2022 में अगली सूची साझा करेगा।

# घाटी में दिन का तीसरा एनकाउंटर, सेना ने शोपियां में 4 आतंकियों को घेरा कई जवान हो चुके हैं शहीद



नई दिल्ली, एजेंसी। नियंत्रण रेखा पार कर जम्मू-कश्मीर में पनाह लिए आतंकियों के साथ आज दिन का तीसरा एनकाउंटर शुरू हो गया है। तीसरा एनकाउंटर शोपियां जिले के इमाम साहब क्षेत्र के तुलरान में चल रहा है। पुलिस और सुरक्षा बल इस ऑपरेशन को अंजाम दे रहे हैं। इस इलाके में सेना के जवानों ने तीन से चार आतंकियों को घेर लिया है। वहीं, दिन का पहला एनकाउंटर पूंछ मे हुआ था जिसमें एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (छ्रष्टह्र) सहित पांच जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद शाम को पूंछ में ही एक और एनकाउंटर शुरू हुआ था। यह एनकाउंटर पहली वाली घटनास्थल से कुछ किलोमीटर की दूरी पर हुआ था।

पहले एनकाउंटर को लेकर रक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया था कि आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर भारी गोलीबारी की जिससे एक जेसीओ और चार अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में इलाज के दौरान पास के एक सैन्य अस्पताल में सभी पांच सैनिकों की मौत हो गई। प्रवक्ता ने शाम में कहा कि आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ अब भी जारी है। वहीं, दिन के दूसरे एनकाउंटर को लेकर न्यूज एजेंसी एएनआई ने बताया कि था पिछली मुठभेड़ की जगह से लगभग 2 किमी दूर हुए एनकाउंटर में सेना का एक जवान घायल हो गया।

**एनकाउंटर का वीडियो भी आया सामने**

शोपियां में चल रहे एनकाउंटर को लेकर जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि एक विश्वसनीय इनपुट के आधार पर आज शाम शोपियां में दो ऑपरेशन शुरू किए गए हैं। शोपियां के तुलरान में मुठभेड़ शुरू हो गई है। 3-4 आतंकी घेर लिए गए हैं। वहीं, शोपियां के खेरीपोरा में एक और ऑपरेशन शुरू हुआ है। एनकाउंटर का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें आतंकियों को घेरने के बाद सेना ने उन्हें सरेंडर करने का मौका दिया। हालांकि, ऐसा न होने पर अभी तक एनकाउंटर जारी है।

# फिर बढ़ी भारत और चीन में तल्खी

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्वी लद्दाख स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से सैनिकों की वापसी को लेकर भारत और चीन के बीच विवाद एक बार फिर बढ़ता नजर आ रहा है। रविवार को दोनों देशों के बीच चुशुल-मोल्डो के पास दिनभर चली कोर कमांडर स्तर की वार्ता न सिर्फ असफल रही है वरन बैठक के बाद दोनों पक्षों की तरफ से जो बयान जारी किए गए हैं, वह बढ़ते तनाव की तरफ इशारा करते हैं। भारत ने चीन पर आरोप लगाया है कि वह उसके रचनात्मक सुझाव पर सकारात्मक कदम नहीं उठा रहा है। वहीं चीन ने एक तरह से धमकी भरे अंदाज में कहा है कि भारत को स्थिति का गलत अनुमान लगाने से बचना चाहिए और सीमा विवाद सुलझाने के लिए अभी तक जो सहमति बनी है, उस पर आगे बढ़ना चाहिए।



रविवार को हुई बैठक से पहले दोनों देशों के सैन्य कमांडरों के बीच 12 दौर की वार्ता हो चुकी थी। इन वार्ताओं के आधार पर ही भारत और चीन के बीच कई स्थलों से अपने सैनिकों को वापस बुलाने की सहमति बनी थी लेकिन रविवार के बाद जिस तरह का माहौल बना है, उससे दोनों देशों के बीच तनाव का एक नया दौर शुरू होने का खतरा पैदा हो गया है। भारत की तरफ से कुछ नए इलाकों में सुरक्षा के लिहाज से और सैनिकों की तैनाती की भी संभावना है।

सोमवार को भारत की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि बैठक में एलएसी पर विवादित मुद्दे को सुलझाने को लेकर काफी गंभीर बातचीत हुई। भारतीय पक्ष ने बैठक में बताया कि एलएसी पर चीन की तरफ से मनमाने तरीके से द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन करने व यथास्थिति को बदलने की वजह से स्थिति खराब हुई। इसलिए जरूरी है कि शांति की बहाली के लिए चीन उचित कदम उठाए। यह दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच हाल ही में दुशांबे में हुई बातचीत में बनी सहमति के मुताबिक ही होगा।

बैठक में भारत की तरफ से बहुत रचनात्मक सुझाव दिए गए, लेकिन चीनी पक्ष इसके लिए तैयार नहीं हुआ। न ही उसकी तरफ से भविष्य में आशा जगाने वाला कोई प्रस्ताव दिया गया। ऐसे में बैठक में मौजूदा मुद्दों का कोई नतीजा नहीं निकल सका। भारतीय बयान में कहा गया है कि हमें उम्मीद है कि चीन समग्र द्विपक्षीय रिश्तों को ध्यान में रखते हुए मामले के समाधान के लिए तैयार होगा।

# लखमीपुर कांड : मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा तीन दिन एसआईटी की रिमांड पर

नई दिल्ली, एजेंसी। लखीमपुर कांड के मुख्य आरोपी गृहराज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा को अदालत ने तीन दिन की एसआईटी की रिमांड मंजूर कर ली है। सोमवार की सुबह वीडियो कांफ्रेंसिंग से आशीष की पेशी के बाद सुनवाई शुरू हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आशीष को रिमांड पर देने का फैसला सुनाया। एसआईटी ने आशीष की 14 दिन की रिमांड मांगी थी। तीन दिन की रिमांड 12 अक्टूबर से शुरू होगी। अदालत ने रिमांड मंजूर करते हुए कुछ शर्तें भी लगाई हैं।

आशीष के वकील अवधेश सिंह ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने उसके मुवक्किल से पूछताछ के लिये 14 दिन की रिमांड की अपील की थी जबकि अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने आशीष को तीन दिन की सशर्त रिमांड पर भेजने का आदेश दिया है। अदालत के अनुसार पुलिस को रिमांड में लेने से पहले आशीष का मेडिकल कराना होगा, उसके साथ मारपीट नहीं की जायेगी। उसके वकीलों को मिलने की छूट रहेगी।

अभियोजन ने कहा कि शनिवार 12 घंटे की पूछताछ के बाद भी कोई नतीजा नहीं निकला। आरोपी से कई सवाल पूछे गए, इसमें सिर्फ 40 सवालों के जवाब दिए। अभियोजन ने रिमांड के लिए तर्क दिया कि अभियुक्त का गवाहों से आमना-सामना कराने, बरामदगी और षड्यंत्र की पड़ताल के लिए चाहिए उनको रिमांड चाहिए।



रिमांड का विरोध करते हुए आशीष के वकील ने कहा कि शानिवार को 12 घंटे में 40 से ज्यादा सवालों के जवाब वह दे चुके हैं। ऐसे में अब रिमांड की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि एसआईटी थर्ड डिग्री का इस्तेमाल कर आशीष से जुर्म कबूल करवाना चाहती है। घटना के दिन आशीष के दंगल में मौजूद रहने से संबंधित कुछ फोटो भी अदालत को दिखाए। वकील ने कहा कि एसआईटी जेल में जाकर भी पूछताछ कर सकती है। तकनीकी खामियों के कारण सुनवाई कुछ देर के लिए रुकी भी।

गौरतलब है कि तीन अक्टूबर को लखीमपुर में हुई घटना में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। एसआईटी का मानना है कि जिस थार जीप से किसानों को कुचला गया था वह आशीष मिश्रा ही चला रहे थे। मामले ने राजनीतिक रंग भी लिया। आशीष मिश्रा को पूछताछ के लिए समन भेजकर बुलाया गया और शनिवार की देर रात गिरफ्तार किया गया था। एसआईटी में शामिल डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल ने पूछताछ के बाद बताया था कि वे (आशीष मिश्रा) सहयोग नहीं कर रहे। अब एसआईटी आशीष को रिमांड पर लेकर पूछताछ करना चाहती है। एसआईटी ने आशीष मिश्रा का मोबाइल कब्जे में ले लिया है। इस मोबाइल की भी जांच कराई जा रही है।

# नायाब तहसीलदार ने किया प्राथमिक चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

### डॉ. अग्रवाल नहीं मिले उपस्थित साहब द्वारा फोन लगया गया तो नही किया रिसीव



**दिनारा।** मीडिया द्वारा एक दिन पूर्व अस्पताल और डॉ की कमियो का खबर प्रकाशन के बाद शिवपुरी कलेक्टर अस्पताल निरीक्षण पर आने की सूचना मिलते ही नवागत एसडीएम के निर्देश पर नायाब तहसीलदार राजेन्द्र जटाव ने अपने अमले के साथ शासकीय अस्पताल दिनारा का औचक निरीक्षण किया। जहां विभिन्न प्रकार की कमियां पाए जाने पर उन्होंने कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए जिला कलेक्टर को प्रतिवेदन भेजा है। और एसडीएम दिनेश शुक्ला को अबगत कराया एसडीएम शुक्ला ने कहा है कि निर्धारित समय अवधि में अस्पताल प्रबंधन अपनी कमियों को सुधारे, उनके द्वारा किसी अधिकारी को तैनात कर समय समय पर अस्पताल के निरीक्षण किए जाते रहेंगे। रविवार को नायब तहसीलदार राजेन्द जटाव जब अपने अमले के साथ शासकीय प्राथमिक अस्पताल दिनारा में जब औचक निरीकक्ष के लिये पहुंचे तो यहां की व्यवस्थाएं देखकर उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। साथ ही कलेक्टर को भेजे प्रतिवेदन में उन्होंने अस्पताल की कमियों का उल्लेख करते हुए बताया है कि अस्पताल में संधारित उपस्थिति पंजी में किसी भी जिम्मेदार अधिकारी या प्रभारी अधिकारी डॉ अरविंद अग्रवाल द्वारा आज दिनांक तक जांच नहीं की जाना पाया गया। माह सितंबर-अक्टूबर 2021 की उपस्थिति पंजी में कुछ कर्मचारियों के बतौर उपस्थिति हस्ताक्षर अंकित होना नहीं पाए गए। वहीं उनके अवकाश के संबंध में भी कोई लेख अथवा दस्तावेज उपस्थिति पंजी में नहीं मिले। मौके पर उपस्थित मरीज ने बताया कि उन्हे अस्पताल से चादर आदि नहीं मिले हैं। जो चादर उनके पास थी वह उनके द्वारा घर से लाई गई बताया, तो तत्काल स्टोर रूम का निरीक्षण करने पर पाया गया, पर्याप्त मात्रा में चादरें उपलब्ध होने के बावजूद मरीजों को प्रदान नहीं की गई हैं। वहीं अस्पताल में इलाज करा रहे कुछ मरीजों के बिस्तरों पर फटी हुई बेडशीट बिछी होना पाया गया। और अस्पताल में पदस्थ डॉ को नायाब तहसील ने ?ोन लगया का अस्पताल में उपस्थित होने व कलेक्टर साहब द्वारा निरीक्षण की सूचना देनी चाही तो उन्हें सुन फोन काट किया पुनः साहब ने डॉ को फोन लगया तो रिसीब ही नही हुआ। यहाँ शौचालयो में गंदी पाई गई। उन्होंने कलेक्टर को भेजा है। साथ ही उपस्थिति पंजी की छायाप्रति भी प्रतिवेदन के साथ भेजी गई है।वहीं एसडीएम शुक्ला ने बताया कि जब उन्होंने अस्पताल का औचक निरीक्षण तहसीलदार के साथ किया तो यहां अव्यवस्थाएं पाई गईं। उपस्थिति पंजी में कर्मचारियों के हस्ताक्षर अवकाश का उल्लेख अनुपस्थिति आदि दर्ज न होने से अनुशासनहीनता का पता चलता है कि लोअर स्टॉप पर अस्पताल प्रबंधन का किसी तरह कंट्रोल नहीं है। वार्ड में फ टी और गंदी बेडशीट पाई गई। बीएमओ को कमियों की पूर्ति करने के निर्देश दिए हैं, साथ ही कलेक्टर को प्रतिवेदन भेजा गया है। एसडीएम ने यह भी कहा कि अब समय समय पर अस्पताल के अलावा विभिन्न विभागों के औचक निरीक्षण कम से कम सप्ताह में एक बार कराए जाते रहेंगे।

## रविवार को करैरा में विधिक जागरूकता मेला का किया गया आयोजन







**करैरा।** रविवार को ग्राम पंचायत लालपुर में विधिक जागरूकता मेला आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता माननीय द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदय विधिक सेवा समिति करेरा अतुल सक्सेना द्वारा की गई। कार्यक्रम में ज्ञानेंद्र शुक्ला न्यायिक मजिस्ट्रेट ,दयाल सिंह सूर्यवंशी, मोनिका यादव न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद सोनी आर आई करेरा, प्रीति रावत आर आई सिरसोद, बायस यादव एस ए डी ओ,विनोद तिवारी बी आर सी, सुमित गुप्ता प्रबन्धक ग्रामीण आजीविका मिशन, संजीव दुबे पंचायत इंस्पेक्टर, डॉ नरोत्तम मिश्रा, अभय मिश्रा सब इंस्पक्टर पुलिस, रीमा देवी परिहार सरपंच ग्राम लालपुर, एवम शासन के अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी के साथ पैरा लीगल वालंटियर अनिल राय एवं नवल लोधी, ग्रामीण लोग उपस्थित रहे। अतुल सक्सेना द्वारा समस्त काउंटरों का निरीक्षण कर सभी विभागों को जानकारी ली एवम कर्मचारी गण को उचित दिशा निर्देश दिए गए।

## पीएम स्वनिधि योजना के तहत कैंप आयोजित करें: कलेक्टर

### बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश, समय सीमा पत्रों का समय पर निराकरण करें



**शिवपुरी।** पीएम स्वनिधि योजना का हितग्राहियों को लाभ मिले। जिले को प्राप्त लक्ष्य के अनुसार कार्यवाही करें। इसके लिए नगरपालिका द्वारा कैंप आयोजित किए जाएं। जिन हितग्राहियों ने पंजीयन कराया है उनके प्रकरण स्वीकृत किए जाएं। यह निर्देश कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सीएमओ को बैठक में दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कैंप में बैंक के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। इस योजना के तहत शिवपुरी नगरपालिका में ही लगभग 2300 का लक्ष्य है। जिसे प्राप्त करना है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित अंतर विभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने समय सीमा पत्र, सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एच.पी.वर्मा, एडीएम उमेश शुक्ला सहित एसडीएम और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत बड़ेरा में जागरुकता मेला कार्यक्रम संपन्न

**शिवपुरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 75 वे आजादी का अमृत महोत्सव एवं विधिक सेवा सप्ताह कार्यक्रम तहत सोमवार को ग्राम पंचायत ब?रा में शा.हाई स्कूल पर अखिल भारतीय जागरुकता मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति/अपर जिला न्यायाधीश आर.एम.भगवती ने किया। मेला कार्यक्रम के अन्तर्गत विधिक साक्षरता एवं समस्या निवारण शिविर,विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंचायत विभाग,राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक सेवा यांत्रिकी, पशु चिकित्सा, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास, बिजली विभाग, डाकघर विभाग व अन्य विभागों ने अपने अपने काउंटर लगाकर उपस्थित जन सामान्य को अपने अपने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे मे जानकारी मंच के माध्यम से दी।आईसीडीएस अधिकारी अरविंद्र तिवारी द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना,प्रधान मंत्री मातृ बंधन योजना एवं पोषण पुनर्वास केंद्र के संबंध मे जानकारी दी गई। पंचायत विभाग से खण्ड पंचायत अधिकारी आर. के.टेंगर द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। डाक विभाग से सहायक अधीक्षक रविन्द्र भार्गव ने सुकन्या समृद्धि योजना के




बारे मे जानकारी दीगई।शिविर मे जिला सेवा प्राधिकरण से जिला विधिक सहायता अधिकारी शिखा शर्मा ने अपने उद्बोधन मे कहा जीवन में गांधी जी के विचारों को उतारे स्वावलंबी बने। जीवन को अच्छा बनाए अच्छी बातों को जीवन में अपनाए। साथ ही महिलाओं को संदेश दिया की शिक्षित बने शासन की योजनाओं से जुड़कर अच्छा कार्य करे सभी आपकी मदद करेंगे।शिविर मे सीईओ पुष्पेंद्र व्यास, तहसीलदार नरेश चन्द्र गुप्ता, नायब तहसीलदार अरुण गुर्जर, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ हेमंत ओझा, एमपी ईबीएई घनश्याम दक्ष के अलावा सरपंच सचिव, आर आई, पटवारी एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। शिविर के दौरान 84 आवेदन प्राप्त हुए जिनमे से 35 का मौके पर निराकरण किया गया। शेष आवेदन सम्बंधित विभागो को समय सीमा में निराकरण हेतु सौंपे गए।

## केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के इतिहास में पहली बार बी.एस. डब्ल्यू कोर्स में शामिल होने जा रही है महिला अधिकार



**करैरा।** सपोर्ट वैपन ट्रेनिंग स्कूल भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, करैरा में 40वें बी.एस.डब्ल्यू(अधिकारी) कोर्स तथा 46वें प्री मोर्टार (अधिकारी) कोर्स का शुभारंभ हुआ । शुभारंभ कार्यक्रम में ए.पी.एस.निम्बाडिया, उप-महानिरीक्षक, सपोर्ट वैपन ट्रेनिंग स्कूल, सहित संस्थान में पदस्थ अधिकारी, प्रशिक्षक स्टाफ व भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की विभिन्न वाहिनियों से आए 20 पुरुष अधिकारी व 01 महिला अधिकारी शामिल हुए । 08 सप्ताह के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान इन अधिकारियों को सपोर्ट वैपन

> का उच्च व गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा । भारत तिब्बत सीमा पुलिस में सामान्य वर्ग में वर्ष 2018 में यू.पी.एस.सी के द्वारा चयनित होने वाली पहली महिला सहायक सेनानी(जी.डी) प्रकृति सिंह बी.एस.डब्ल्यू. कोर्स(अधिकारी) में शामिल होने जा रही है जो कि किसी भी केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के इतिहास में पहली बार होने जा रहा है तथा महिला सशक्तीकरण की दृष्टि से बल के लिए मील का पत्थर साबित होगा । हथियारों में प्रशिक्षित सैनिक किसी भी सैन्य बल की सबसे बड़ी शक्ति होती है इस उद्देश्य के साथ सापोर्ट वैपन ट्रेनिंग स्कूल द्वारा निरंतर अधिकारियों व कार्मिकों को विभिन्नहथियारों का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें दक्ष बनाया जा रहा है ।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश हेतु संस्था स्तर काउंसलिंग प्रक्रिया का अंतिम चरण प्रारम्भ

**शिवपुरी।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, छत्री रोड शिवपुरी में प्रथम और द्वितीय मेरिट राउंड में शेष रहे विद्यार्थी एवं जिन छात्रों को तकनीकी शिक्षा में रुझान है वे संस्था स्तर काउंसलिंग में शेष सीट के लिए भाग ले सकते है। काउंसलिंग की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए 11 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करा सकते है।प्राचार्य, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज शिवपुरी ने बताया कि तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान शिवपुरी के शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, छत्री रोड शिवपुरी में जो छात्र प्रथम और द्वितीय मेरिट राउंड में भाग नहीं ले पाए थे तथा जिन छात्रों को तकनीकी शिक्षा में रुझान है वे संस्था स्तर काउंसलिंग में शेष सीट के लिए भाग ले सकते है उसके लिए 10वी में गणित एवं विज्ञान विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।काउंसलिंग की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए छात्र रजिस्ट्रेशन कराकर संस्था में 16 अक्टूबर उपस्थित होकर पहले आओ एवं पहले पाओ के आधार पर प्रवेश का अंतिम अवसर सुनिश्चित कराए। कक्षा 10वी उत्तीर्ण छात्र छात्राये महाविद्यालय में बिना पीपीटी परीक्षा दिए 10 वीं के अंको के आधार पर सीधे ही कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में प्रवेश ले सकते है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7000149795, 9713546528, 8982520726 पर संपर्क कर सकते।

## कैसे समझे कि यह टच गुड टच है या बेड टच,न्यायाधीन महोदय ने किशोरीयों को समझाए गुण

**शिवपुरी।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी विनोद कुमार के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी श्रीमति अर्चना सिंह के मुख्य आतिथ्य में वन स्टॉप सेंटर, शिवपुरी में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।जिला प्राधिकरण के सचिव श्रीमति अर्चना सिंह ने शिविर में उपस्थित महिलाओं को विधिक सेवा संस्थाओं के द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क कानूनी सेवाओं के संबंध में बताते हुए महिलाओं के कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण, भरण-पोषण, दहेज प्रतिषेध, बाल विवाह, उत्तराधिकार कानून, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण, हिन्दू विवाह अधिनियम इसके साथ ही बालिकाओं को गुड टच बैड टच की जानकारी भी प्रदान की गई।साथ ही बालिकाओं को यह जानकारी प्रदान की गई की वह अच्छे संस्कार और ज्ञान ग्रहण करें तथा आने वाले समय में समाज के उत्थान में सहयोग करें, वर्तमान समय में महिलाओं की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए अपने अधिकारों की जानकारी होने के साथ-साथ कानून की जानकारी होना भी आवश्यक बताया। उन्होंने वहां उपस्थिति किशोरीयों को बताया कि आपके साथ अपना परिवारजन,रिश्तेदार पडौसी आपको जो टच कर रहा है वह टच गुड टच है अथवा बेड टच यह आप कैसे समझे।

साथ ही उपस्थित लोगों को बेटा-बेटी में भेद न कर दोनों को समान शिक्षा एवं विकास के अवसर उपलब्ध कराने, साथ ही कन्या भ्रूण हत्या के संबंध में चिंता व्यक्त करते हुए प्रसव पूर्व लिंग परीक्षण के संबंध में सरल भाषा में जानकारी दी।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीमती अर्चना सिंह, जेएमएफसी शिवपुरी कु.नेहा सावनेर, डीपीओ देवेंद्र सुंदरियाल, बाल संरक्षण अधिकारी राघवेंद्र शर्मा, परियोजना अधिकारी श्रीमती नीलम पटेरिया सहित ब?ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## रैरा नगर मे माता के पंडाल मे हो रहा कोविड टीकाकरण



**करैरा।** देश भर में नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा हैं नगर में एक सैकड़ा माता रानी के दरबार सजाए गए।कोविड को देखते हुए करैरा के हृदय स्थल पुलिस सहायता केन्द्र के पास नवदुर्गा मानस मंडल सेवा समिति पुलिस चौकी करैरा द्वारा कोविड वेक्सीन शिविर सुबह और शाम प्रतिदिन लगया जा रहा है ।कोविड का पहला एवम् दूसरा डोज लगाया जा रहा है नव दुर्गा सेवा समिति के सदस्यों ने सभी से आग्रह किया गया की नौ दिन मे सभी कोविड टीका लगवा कर अपने आप को सुरक्षित करे ।

# अन्नदाता किसान खाद की सड़कों पर उतरे, अभी तक नहीं निकला पुख्ता समाधान

## किसान फूट-फूट कर रोया, जाम खुलवाने आई पुलिस ने सड़क पर बैठे किसान को सांत्वना दी

**भिण्ड।** खाद की आपूर्ति को लेकर जिले के अन्नदाता परेशान होकर सड़कों पर उतर आया है। लेकिन प्रशासन इस ओर काई ठोस समाधान नहीं खोज पा रहा है जबकि शासन, प्रशासन को ज्ञात है कि इस मौसम में फसलों की बोवनी शुरू हो जाती है। फसलों की बुवाई के लिए जिलेभर में खाद के लिए हाय तौबा मची हुई है। अन्नदाता किसान, अपने हक की मांग को लेकर सड़कों पर उतर रहे हैं। इसके बाद भी किसानों के सामने से खाद के संकट से निजात नहीं मिल पा रही है।



### दस दिन बाद भी नहीं मिला खाद तो किसान के निकले आंसू

सोमवार को किसानों ने भारौली तिराहे पर पहुंचे और उन्होंने जाम लगा दिया। प्रदर्शन के दौरान एक किसान फूट-फूट कर रोया। जाम खुलवाने आई पुलिस ने सड़क पर बैठे किसान को सांत्वना दी और सहानभूति दिखाते हुए पानी पिलाया और खाद दिलवाए जाने का भरोसा दिया। सोमवार की सुबह से ही गल्ला मंडी पर दूर-दूर गांव से खाद बंटने की सूचना पर आए। दो सौ से अधिक किसान यहां मौजूद थे। किसान ने रोते-रोते बताया कि वो पिछले दस दिन से परेशान है उसे खाद नहीं मिल रहा है। उसके पास थोड़ी सी जमीन है। यद्दिप समय रहते बुवाई नहीं कर सका तो साल भर तक उसके सामने खाने के लाले पड़ जाएंगे। यह बात सुनकर देहात थाना पुलिस ने किसान को सांत्वना दी और पानी पिलाते हुए खाद दिलाए जाने का भरोसा दिया। इसके बाद बुजुर्ग किसान शांत हुआ। इसके बाद देहात थाना पुलिस ने विरोध-प्रदर्शन करने वाले किसानों को बायपास से हटाते हुए जाम को खुलवाया।

### हाय रे खाद-कब मिलेगा खाद

लहार क्षेत्र में खाद की किल्लत से किसान परेशान है भाजपा सरकार के बड़े-बड़े लुभावने बादों के बाद भी किसानों की मांग के हिसाब से आपूर्ति नही हो पा रही है और इसी के चलते किसान रोज सुबह शाम दोपहर खेत छोड़कर मार्केटिंग सोसायटी के चक्कर काटते नजर आते है और कुछ किसानों ने तो पर्ची तक कटबा ली पर फिर भी उन्हें खाद उपलब्ध नही हो सका है जिससे आक्रोशित होकर किसानों ने मार्केटिंग सोसायटी के बहार चक्काजाम किया और प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए आनन फानन में एस.डी.एम आर.ए प्रजापति एवं एस.डी.ओ.पी अवनीश बंसल मौके पर पहुँचे ओर उन्हें समझाया एवम बरिष्ठ अधिकारियों से बात कर मार्केटिंग सोसाइटी को छः सौ बोरी उपलब्ध करबाई जिन्हें पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में किसानों को बंटबाया गया जिससे थोड़े बहुत किसान सन्तुष्ट होकर घर लौटते नगर आये।

### चोरी गई खाद की बोरी जिस घर से मिली उस गृहस्वामी पर क्यों नहीं हुआ मामला दर्ज

खाद की बोरियां चोरी होने के बाद जब उनकी पुलिस द्वारा पड़ताल की गई तो वे बोरियां ज्ञानपुरा गांव में किसी एक घर में मिली। सेल्समैनों ने नामजद शिकायती आवेदन देकर खाद चोरी करने वाले चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए कहा। साथ ही शासकीय कार्य में बाधा का मामला दर्ज किए जाने की मांग की।

## बांके बिहारी गार्डन से बाइक चोरी

**भिण्ड।** लहार थाना क्षेत्र के बांके बिहारी गार्डन के बाहर एक युवक की बाइक खड़ी हुई थी, जिसे अज्ञात चोर लेकर रफू चक्कर हो गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार अनुरुद्ध प्रताप पुत्र मुनेश दौहरे निवासी दबोह की बाइक क्रमांक एमपी30एमएल1779 जो क्षेत्र के बांके बिहारी गार्डन के बाहर खड़ी हुई थी, जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## 28 क्वार्टर देशी शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**भिण्ड।** पावई थाना क्षेत्र के ग्राम विजय गढ़ में युवक अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, मुखबिर की सूचना पर दबोचकर उसे हिरासत में लिया और उसके पास से अवैध शराब की जब्ती की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बनवारी बघेल निवासी विजय जो गांव में दुकान से अवैध शराब की बिक्री करते हुए पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और उसके पास से 28 क्वार्टर देशी शराब, कीमत 1960 रुपये की जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## दो बाइकों की भिडंत में युवक घायल

**भिण्ड।** एंडोरी थाना क्षेत्र के शेरपुर पुलिया के पास दो बाइकों की आपस में जोरदार भिडंत हो गई जिसमें एक युवक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने फरियादी की शिकातय पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार अनुरुद्ध प्रताप पुत्र श्रीकृष्ण गुर्जर निवासी इकोरी थाना मेहगांव ने बताया वह विगत 7 अक्टूबर शाम 5 बजे क्षेत्र के शेरपुर पुलिया के पास से बाइक से गुजर रहा था, इसी दौरान आरोपी बाइक क्रमांक एमपी06 एमएक्स0266 के चालक ने लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## बाइक मांगने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा

**भिण्ड।** गोहद थाना क्षेत्र के महाऋषि कॉलेज के पास रंगदारी के चलते बदमाशों ने एक युवक से बाइक मांगी तो उसने देने से मना कर दिया, इसी बात को लेकर वह गाली-गलौज करते हुए बाइक मालिक के साथ मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपीगणों पर एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार शैलेन्द्र पुत्र होतम जाटव निवासी गोहद चौराहा ने बताया रविवार शाम 5 बजे वह महाऋषि कॉलेज के पास से गुजर रहा था, इसी दौरान रंगदारी के चलते छोटू, दीपू राजावत निवासी साई नगर कीरतपुरा जो बाइक मांगने लगे जब उसने मना किया तो गाली-गलौज करते हुए जाति सूचक गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपीगणों पर मामला दर्ज कर लिया है।

# किसान की जुबानी उसकी सफलता की कहानी

**भिण्ड ।** जहां चाह होती है वहां राह निकल ही आती है। व्यक्ति मन में कुछ नया करने की ठान ले तो उसे सफलता निश्चित रूप से मिलती है। ऐसा ही कुछ कृषक रामगोपाल सिंह ने कर दिखाया है। रामगोपाल ने रासायनिक खाद को छोड़कर जैविक खेती को अपना लिया है। जैविक खेती से उन्हें अच्छा खासा लाभ भी हो रहा है। जैविक खेती से प्रभावित होकर रामगोपाल अपने गांव के किसानों के लिए प्रेरणा का श्रोत बने जो केवल जैविक खाद से ही खेती करना चाहते हैं।



रामगोपाल भिण्ड जिले के अनुभाग गोहद ग्राम सिरसोदा के रहने वाले हैं। रामगोपाल अपनी खेतों में पारम्परिक तरीके से खेती कर खरीफ में ज्वार, बाजरा, तिल एवम रवी में सरसों, गेहूं सामान्य उत्पादन ही ले पाते थे। वर्षभर में एक ही फसल एक खेत में होती थी। जिसके लिए वो पूर्ण रूप से वर्षा पर निर्भर थे, जिस कारण इस फसल से सिर्फ परिवार का भरण पोषण ही हो पता था।

उन्होंने बताया कि पढ़ाई लिखाई के बाद खेती में बदलाव लाने के लिए अपनी कुल जमीन के कुछ हिस्से लगभग 1 हेक्टेयर में उद्यानिकी फसल लेने हेतु कुंआ खुदवाया और आलू की खेती करना प्रारंभ की। कृषि एवं उद्यानिकी खेती में बदलाव लाकर तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने के लिए कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेकर खेती की तकनीकी प्राप्त की और अब मैं जैविक खेती के लिए वर्मी कंपोस्ट, जीवाणु खाद का उपयोग कर रहा हूं। जिससे मुझे जैविक उत्पादन बहुत अच्छा मिल रहा है इस प्रकार से मैं स्वयं के संसाधन से बना हुआ खाद एवं कीट नियंत्रण के लिए गौमूत्र, अन्य जैविक रसायन का उपयोग करके खेती में कम लागत से अच्छा उत्पादन ले रहा हूं। जिससे मुझे दोगुनी आय अर्जित हो रही है। और अब एक खेत में चार फसल कर पा रहा हूं। रामगोपाल ने बताया कि जैविक पद्धति से तैयार खाद के उपयोग से संतुष्ट हूं।

## भिण्ड में 5 करोड़ से अधिक की लागत से होगा सड़कों का पुनर्निर्माण : प्रभारी मंत्री

**भिण्ड।** जिले में 5 करोड़ 4 लाख 24 हजार रूपये की लागत से सड़कों का पुनर्निर्माण किया जायेगा। भिण्ड जिले के प्रभारी परिवहन एवं राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा इस संबंध में स्वीकृति आदेश जारी किये गये हैं। प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि भिण्ड में कनकूरा से मिरचौली तक लगभग डेढ़ किलोमीटर की सड़क निर्माण के लिये दो करोड़ 11 लाख 71 हजार रुपये, सेवढ़ा से कनावर चरी कोट तक लगभग 2 किलोमीटर लंबी सड़क के लिये एक करोड़ 89 लाख 78 हजार रुपये एवं सढ़ासीपुरा हनुमान मंदिर से लगभग 2 किलोमीटर लहार मार्ग के लिये एक करोड़ 2 लाख 75 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# अंत्येष्टि के भंडारे से वापस लौट मोटरसाइकिल सवारों को अनजान वाहन ने मारी टक्कर

## 108 इमरजेंसी एंबुलेंस की मदद से शीघ्र पहुंचाया गया स्वास्थ्य केंद्र

**भिण्ड।** मिहोना थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम दबरेहा जागीर की वृद्ध महिला जो अपने रिश्तेदार के यहां गोरम से अंत्येष्टि के भंडारे का भोजन करके अपने दामाद और बेटी के बच्चे के साथ, दामाद की निजी मोटरसाइकिल से वापस आ रही थी तभी किसी अनजान चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार ग्राम दवरेहा जागीर की रहने वाली वृद्ध महिला किशोरी देवी पत्नी कन्हैया लाल कुशवाह उम्र 65 साल अपने दामाद अजमेर पिता बरजोरे उम्र 30 साल निवासी ग्राम कछपुरा निब्साई उसकी पुत्री रजनी पत्नी अजमेर सिंह उम्र 26 साल और उनका नाती प्रशांत पुत्र अजमेर उम्र 4 साल अंत्येष्टि के भंडारे में शामिल होने के लिए गोरम गए, परंतु वापस लौटते समय शाम 6:00 बजे द्वारिका और पर्रायच के बीच में घाट पर (चढाई पर) पीछे से आ रही अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मोटरसाइकिल सवार और सभी परिजन सड़क पर गिर पड़े जिसमें किशोरी देवी का सर फट गया जिससे उनके सर में गंभीर चोटें आई और उनके हाथ भी जख्मी हो गया। राहगीरों ने 108 इमरजेंसी एंबुलेंस पर फोन लगाकर सूचना दी, और उनकी पूरी मदद की, 108 इमरजेंसी एंबुलेंस की मदद से सभी घायल मरीजों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहार लाया गया, जहां सभी घायल मरीजों को समय रहते, प्राथमिक उपचार दिया गया। उनमें गंभीर रूप से घायल किशोरी देवी की गंभीर हालत को देखकर, जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां उनका उपचार जारी है।



# अंत्येष्टि के भंडारे से वापस लौट मोटरसाइकिल सवारों को अनजान वाहन ने मारी टक्कर

दैनिक पुष्पांजलि टुडे

अरुण शुक्ला क्राइम ब्यूरो चंबल डिवीजन

108 इमरजेंसी एंबुलेंस की मदद से शीघ्र पहुंचाया गया स्वास्थ्य केंद्र

भिंड। थाना मिहोना अंतर्गत आने वाले ग्राम दबरेहा जागीर की वृद्ध महिला जो अपने रिश्तेदार के यहां गोरम से अंत्येष्टि के भंडारे का भोजन करके अपने दामाद और बेटी के बच्चे के साथ, दामाद की निजी मोटरसाइकिल से वापस आ रही थी तभी किसी अनजान चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दी घटना की पूरी जानकारी के अनुसार,भिंड108 के जिला संयोजक श्री जोगेंद्र राठौड़ के अनुसार बताया गया कि थाना में होना अंतर्गत आने वाले ग्राम दवरेहा जागीर की रहने वाली वृद्ध महिला किशोरी देवी पत्नी श्री कन्हैया लाल कुशवाह उम्र 65 साल अपने दामाद अजमेर पिता बरजोरे उम्र 30 साल निवासी ग्राम कछपुरा निब्साई उसकी पुत्री रजनी पति अजमेर सिंह उम्र 26 साल और उनका नाती प्रशांत पुत्र श्री अजमेर उम्र 4 साल अंत्येष्टि के भंडारे में शामिल होने के लिए गोरम गए, परंतु वापस लौटते समय शाम 6:00 बजे द्वाबारिका और पर्रांच के बीच में घाट पर (चढाई पर)पीछे से आ रही अनजान चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी,टक्कर लगते ही मोटरसाइकिल सवार और सभी परिजन सड़क पर गिर पड़े जिसमें किशोरी देवी का सर फट गया जिससे उनके सर में गंभीर चोटें आई और उनके हाथ भी जख्मी हो गया और दामाद नाती और बेटी स भी लहूलुहान हो गए और इन को हल्की-फुल्की चोटें आई और बेहोश हो कर सड़क पर पड़े रहे,सुनसान सड़क होने के कारण मौके का फायदा उठाकर चार पहिया वाहन चालक बाहन लेकर फरार हो गया, पास से गुजर रहे राहगीरों ने 108 इमरजेंसी एंबुलेंस पर फोन लगाकर सूचना दी, और उनकी पूरी मदद की, 108 इमरजेंसी एंबुलेंस की मदद से सभी घायल मरीजों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहार लाया गया, जहां सभी घायल मरीजों को समय रहते, प्राथमिक उपचार दिया गया, रात भर उपचार करने के बाद जब किशोरी देवी की हालत में सुधार ना होते देख अगले दिन सोमवार को 108 इमरजेंसी एंबुलेंस को सूचना दी गई मौ थाना 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी और उनके सहयोगी साथी ईएमटी रामजीवन भास्कर बिना समय गवाएं शीघ्र लहार समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और किशोरी देवी की गंभीर हालत को देखकर, पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी ने समय रहते जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां उनका उपचार जारी है जिससे उनकी जान बचाई जा सके, 108 के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी की कार्यकुशलता और समय रहते भिंड जिला चिकित्सालय में भर्ती कराए जाने की पूरी प्रक्रिया करने पर, किशोरी देवी के भतीजे वीरेंद्र पुत्र अतर सिंह उम्र 40 वर्ष ने 108 की टीम का बहुत आभार प्रकट किया, पुलिस फरार वाहन चालक की जानकारी एकत्रित करने में जुटी हुई है।



## बोरेश्वरधाम में महाराज भदावर ने किया रुद्रा अभिषेक

भिण्ड। अटेर भिंड भदौरिया राजवंश भदावर महाराज उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री महाराज महेंद्र अरिदमन सिंह भदावर बौरेश्वर धाम में पहुंचकर विशेष रुप से काशी के पंडितों द्वारा उन्हें रुद्राभिषेक कराया। उनका स्वागत बरही रानीपुरा ,बड़े पुरा, भदाकुर तिराहा फूप अटेर तिराहा फूप फिर मटघाना, तोर का पुरा ,सकराया, मधेयापुरा, हमीरा पुरा तिराहा तथा दतावली में स्वागत होते हुए बोरेस्वर धाम मैं प्रवेश किया। वहां लगभग एक से डेढ़ घंटे पूजा अर्चना के बाद एक भव्य सम्मान समारोह में शामिल हुए। अक्षय सिंह भदौरिया के निज निवास पर स्वागत कर उनकी अगुवानी की गई।



उमेश सिंह भदौरिया के निजनिवास पर साफा और तलवार भेंट की गई स्थानीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह भी महाराज भदावर के साथ मंचासीन थे। इसके साथ ही करीब सौ लोगों ने उन्हें माल्यार्पण किया। नबादा बाग के पार्क में पूर्व महाराज रिपूदमन सिंह की प्रतिमा लगाने का सभी ने प्रस्ताव रखा। जिसे विधायक ने भी समर्थन किया और शीघ्र ही नगरपालिका को उसमें प्रतिमा लगाने को तय हुआ। उमेश सिंह भदौरिया ने सभी आये हुए अतिथियों का स्वागत किया और भदावर महाराज की आरती उतारकर उनका आशीर्वाद लिया।

# पुलिस की छापामार कार्यवाही 25 हजार का ज़ुआ पकड़ा

मेहगांव। सोमवार को थाना प्रभारी सुरेश शर्मा थाना गोरमी को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कल्याणपुरा के हार में कुछ लोग तास पत्तों से रूपये पैसे हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी द्वारा थाने के स्टाफ उनि. वैभव तोमर, उनि. सुनील सिकरवार, कार्य प्रआर 295 मनीष सिंह, आर. 704 मुनेश , आर. 964 पृथ्वी, आर 785 पंकज शुक्ला, आर. 245 अजय, आर.चालक 1098 अमृत सिंह, सै.10 बनवारी सिंह, सै. 276 चरनसिंह को अवगत कराकर दबिश हेतु रवाना किया गया था जो रवाना शुदा स्टाफ द्वारा मुखबिर द्वारा बताये गए स्थान पर दबिश दी पकडे गये। 5 व्यक्ति के क्रमश: जिन्होंने अपने नाम पता सुधीर पुत्र बनवारी जाटव उम्र 25 साल निवासी अम्बेडकर नगर गोहद चौराह, सत्यवीर पुत्र दीवान सिंह नरवरिया उम्र 20 साल निवासी ग्राम कल्याणपुरा गोरमी, संजू पुत्र किशोरीलाल जाटव उम्र 19 साल निवासी अम्बेडकर नगर गोहद चौराहा, रामवरन पुत्र रणवीर गुर्जर उम्र 34 साल निवासी सुजान पुरा गोरमी, राजेश पुत्र दशरथ नरवरिया उम्र 36 साल निवासी कल्याणपुरा गोरमी बताया। जिन्हें तास पत्तों से रुपये पैसे हार जीत का दाव लगाते हुए पकड़ा गया। जिनके पास व फड से कुल रकम 25740 रूपये व 52 पत्तो की ताश की गड्डी मिली।




# 5 करोड़ से अधिक की लागत से होगा सड़कों का पुनर्निर्माण: प्रभारी मंत्री राजपूत

नीरज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड (ब्यूरो)।



जिले में 5 करो? 4 लाख 24 हजार रूपये की लागत से स?कों का पुनर्निर्माण किया जायेगा। भिण्ड जिले के प्रभारी परिवहन एवं राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा इस संबंध में स्वीकृति आदेश जारी किये गये हैं। प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि भिण्ड में कनकूरा से मिरचौली तक लगभग डे? किलोमीटर की स?क निर्माण के लिये दो करो? 11 लाख 71 हजार रुपये, सेव?ा से कनावर चरी कोट तक लगभग 2 किलोमीटर लंबी स?क के लिये एक करो? 89 लाख 78 हजार रुपये एवं स?ासीपुरा हनुमान मंदिर से लगभग 2 किलोमीटर लहार मार्ग के लिये एक करो? 2 लाख 75 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि विगत दिनों अतिवृष्टि से आई बा? एवं भारी वर्षा के चलते स?कों की हालत बहुत अधिक खराब हो गई थी। उसके बाद आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए स?कों के पुनर्निर्माण की बहुत अधिक आवश्यकता महसूस हो रही थी। इन निर्माण कार्यों से आम जनता एवं परिवहन विभाग को सुविधा होगी।

## बड़ी कार्रवाई की तैयारी

जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में अशांति पैदा करने की जो कोशिश की गई है, उसे सरकार ने बेहद गंभीरता से लिया है। आतंकवाद से ग्रसित कश्मीर को सरकार ने बड़ी मुश्किल से उबारा है, अब पाकिस्तान में बैठे आतंकी संगठनों की शह पर जो नया कारनामा किया जा रहा है, वह मंजूर नहीं है। कहा जा रहा है कि कश्मीर में सिलेक्टिव किलिंग करने वाले आतंकियों पर बड़ी और कड़ी कार्रवाई की तैयारी चल रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रदेश सरकार से इस नई चुनौती से निपटने पर चर्चा की है। सूत्रों का कहना है कि सुरक्षा एजेंसियों और खुफिया एजेंसियों से कश्मीर में सक्रिय आतंकियों का ब्योरा मांगा गया है। इन आतंकियों की मदद करने वालों की धरपकड़ भी होगी। कश्मीर में मौजूद कुछ आतंकी युवाओं से पहले सिलेक्टिव किलिंग करवाकर फिर उनको अपने संगठन में शामिल कर रहे हैं। गृह मंत्रालय आतंकियों की इस नई चाल का तोड़ निकालने के लिए मंथन कर रहा है। दरअसल, द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) लश्कर-ए-तैयबा का संगठन है। इस संगठन में सक्रिय कुछ आतंकी युवाओं को अपने साथ जोड़कर उनसे किलिंग करवा रहे हैं। युवाओं को टारगेट दिया जाता है कि उनको अपने लिए पिस्टल का इंतजाम करना है। इसके लिए उनके अकाउंट में पैसा ट्रांसफर कर दिया जाता है। जब यह लोग पैसों से पिस्टल लेकर आते हैं। फिर इनके जरिए दूसरे युवाओं को पिस्टल दी जाती है और एक टारगेट दिया जाता है। वारदात को अंजाम देने के बाद टीआरएफ उसे अपने संगठन में शामिल कर लेता है। यही कारण है कि कश्मीर में युवा आतंकियों से सिलेक्टिव कीलिंग कराई जा रही है। जानकारी के अनुसार कश्मीरी पंडित कारोबारी, गोलगप्पे बेचने वाले श्रमिक, दो शिक्षकों की हत्या के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय भी चिंतित है। लिहाजा प्रदेश के बड़े प्रशासनिक अफसरों और पुलिस अफसरों समेत खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है। इसमें कहा गया है कि एक तो स्थानीय आतंकियों की जानकारी दें। दूसरा आतंकियों की मदद करने वालों की जानकारी दें। सरकार कह रही है कि जल्द ही कश्मीर में इस सिलेक्टिव कीलिंग के अटैक को रोका जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय के साथ मिलकर रणनीति बनाई जा रही है। जल्द ही एक्शन होगा। कश्मीर में सिलेक्टिव किलिंग के लिए स्थानीय नेटवर्क बड़ी भूमिका निभा रहा है। कुछ सक्रिय आतंकी युवाओं को अपने साथ जोड़ रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियां मंथन कर रही हैं कि युवाओं को इन आतंकियों के संपर्क में आने से कैसा रोका जाए। घाटी में आतंकियों के सफाए के साथ ही इस स्थानीय नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई करनी होगी। घाटी के सभी जिलों में संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाने के साथ ही अल्पसंख्यकों की कॉलोनियों में भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। कुछ नाके बढ़ाए गए हैं, जहां से आने जाने वाले प्रत्येक की तलाशी ली जा रही है। सूत्रों ने बताया कि टारगेट किलिंग की घटनाओं के बाद पूरी घाटी में छापे मारकर संदिग्धों को पुलिस ने उठाया है। बताते हैं कि श्रीनगर से 70 युवाओं को उठाया गया है। इनमें से ज्यादातर डाउनटाउन से जुड़े हैं जिनका पत्थरबाजी व अन्य आपराधिक घटनाओं में शामिल रहने का इतिहास रहा है। गांदरबल से 45, शोपियां से 40, बडगाम से 30 युवाओं को हिरासत में लिया गया है। अनंतनाग के बिजबिहाड़ा से भी युवक उठाए गए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फिलहाल पकड़े गए युवाओं से पूछताछ की जा रही है। इनका घटना से फिलहाल कोई संबंध स्थापित नहीं हो पाया है। वहीं आतंकी हमलों के बाद घाटी में पीएम पैकेज के तहत तैनात 70 फीसदी मुलाजिम जम्मू लौट आए हैं।

# वादा था राम राज का लट्ठ राज दे दिया ?

**निर्मल रानी**

तीन दशकों से भारतीय जनता पार्टी व उसके सभी सहयोगी व संरक्षक संगठन जब जनता के पास राम जन्मभूमि के नाम पर वोट मांगने जाते तो यही कहते सुनाई देते कि हमें बहुमत से सत्ता में लाओ तो हम देश में राम राज स्थापित करेंगे। यह उस भगवान राम की बातें करते जिन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। ऐसे में यह जानना तो ज़रूरी है कि आख़िर उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम क्यों कहा जाता है और क्या होता है राम राज ? वैसे तो भगवान श्री राम के जीवन से जुड़े सैकड़ों ऐसे प्रसंग हैं परन्तु सबसे बहुचर्चित प्रसंग ही यह जानने के लिये पर्याप्त है, जिसमें मात्र एक धोबी ने सीता माता के चरित्र पर संदेह करते हुए उनपर भरी सभा में लांछन लगाया था। धोबी के प्रजा का सदस्य होने के नाते भगवान राम ने उसके संदेहपूर्ण आरोप को भी गम्भीरता से लिया। मर्यादा पुरषोत्तम श्री राम इस संदेह को लेकर चिंतित हुए कि कहीं हमारी प्रजा अपनी ही रानी को संदेह की नज़रों से न देखने लगे और जनता का मुझसे विश्वास उठ जाये ? इसके बाद माता सीता को अग्नि परीक्षा और ऋषि बाल्मीकि आश्रम में दीर्घकालिक वास जैसी कठिन परीक्षाओं के दौर से गुज़रना पड़ा। यह कथायें अनेक शास्त्रों में वर्णित हैं। हालाँकि कुछ आलोचक भगवान श्री राम द्वारा लिये गये इस कठोर निर्णय की आलोचना भी करते हैं कि मात्र एक धोबी के कहने पर उन्होंने अपनी सीता जैसी पवित्र पत्नी की इतनी बड़ी परीक्षा क्यों ली ? परन्तु यही तो राम राज्य था जिसमें यह सोचा गया कि उस राज्य के एक भी व्यक्ति को किसी प्रकार के शक व संदेह का मौक़ा ही क्यों मिले ? क्या उसी मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का नाम लेकर सत्ता हासिल करने व देश में राम राज लाने का वादा करने वालों में इस तरह के गुण दिखाई दे रहे हैं ? वर्तमान समय में देश में चल रहा किसान आंदोलन ही इसका सबसे बड़ा सुबूत है। देश का लाखों किसान सड़कों पर उतर कर तीन नये कृषि क़ानूनों का विरोध कर रहा है। वह कह रहा है कि मुझे नहीं चाहिए यह कृषि क़ानून। सैकड़ों किसान इन्हीं क़ानूनों का विरोध करते हुये अपनी जानें गंवा बैठे,कई लोगों ने इसी आंदोलन के दौरान आत्म हत्या कर डाली। परन्तु %राम राज % लाने का ढोंग करने वाली सरकार के प्रतिनिधि इन्हें %मुट्ठी भर % %मवाली% बताते रहे। अराजक व राष्ट्रविरोधी बताते रहे हैं । क्या इन्होंने राम राज्य के % इकलौते धोबी% के प्रकरण से कोई सबक़ लिया ? पिछले दिनों राम भक्त राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें वह अपने चंद पार्टी समर्थकों को खुले तौर पर हिंसा के लिये प्रोत्साहित कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पृष्ठभूमि रखने और राम राज्य की बातें करने वाले इस मुख्यमंत्री की शब्दावली देखिये और स्वयं निर्णय कीजिये कि क्या यह देश के किसी ऐसे लोकतान्त्रिक मुख्यमंत्री की भाषा प्रतीत होती है जो राम भक्त भी हो ? खट्टर ने कहा कि - कुछ नए किसानों के जो संगठन नए उभर रहे हैं उनको प्रोत्साहन देना पड़ेगा,उनको आगे चलना पड़ेगा और हर ज़िले में ख़ास तौर पर उत्तर व पश्चिम हरियाणा के अपने किसानों के 500-700-हज़ार लोग आप लोग अपने खड़े करो। उनको वालंटियर बनाओ और फिर जगह जगह %शठे शाठ्यम समाचरेत (यह कहते हुए बेशर्मी भरी हंसी ) यानी हिंदी में जैसे को तैसा। उठा लो डण्डे , हायें? ठीक है ?(चार छः लोगों की तालियां ) वह भी देख लेंगे। और दूसरी बात यह है कि जब उठावेंगे डण्डे तो ज़मानत की परवाह न करो,महीना छः महीना दो महीना रह (जेल में ) आवेंगे ना तो इतनी पढ़ाई इस मीटिंगों में नहीं होगी अगर दो चार महीने (जेल में ) वहां रह आओगे तो बड़े लीडर अपने आप



बन जाओगे। दो चार महीनों में बड़े नेता अपने आप बन जाओगे,यह इतिहास में नाम लिखा जाता है। यह शिक्षा दे रहे हैं राम भक्त एवं संघ प्रचारक तथा प्रधानमंत्री के संघ सखा रहे खट्टर साहब। क्या इस भड़काऊ सीख देने व हिंसा के लिये उकसाने वाले व्यक्ति पर आपराधिक मामला नहीं बनता ?

इसका जवाब संयुक्त किसान मोर्चा के नेता गुरनाम सिंह चढूनी द्वारा खट्टर की ही भाषा में दिया गया। चढूनी ने कहा कि -एक बात और सुनलो खट्टर साहब,दूसरे बच्चों को मरवाने की ज़रुरत नहीं है,लोगों को मरवाने की ज़रूरत नहीं है,एक तरफ़ से आप लठ्ठ उठा के आइये एक तरफ़ से मैं लठ्ठ उठा के आता हूँ -अगर आपने मेरे को हरा दिया तो मैं यूनियन छोड़ जाऊँगा ,आपका ग़ुलाम रहूंगा और अगर आप हार गये तो आप मुख्यमंत्री का पद छोड़ देना हमारी बातें मान लेना बस फ़ैसला यहीं पर हो जाये। क्यों लोगों से आप लठ्ठ उठवाते हो क्यों हमारे से उठवाते हो। यहीं पर निपट जायेगा फ़ैसला सीधा,आप और हम टकरा लेते हैं और मैसेज भेज देना,मेरा नंबर आपके पास होगा,जब आप का दिल करे आ जाना स्टेज लगवा देना, सबके सामने डण्डा बजायेंगे,खुल्ले मैदान में बजायेंगे। चैलेन्ज है मेरा आपको। ज़रा सोचिये भारत जैसे लोकतान्त्रिक देश में जिसे प्रधानमंत्री पिछले दिनों अमेरिका में विश्व के लोकतंत्र की मां % की संज्ञा देकर आये हैं वहां किस तरह के तालिबानी अंदाज़ के अफ़सोसनाक संवाद जनता और सत्ता प्रमुखों के बीच सुनाई दे रहे हैं ? क्या हिंसा से किसी भी समस्या का समाधान हो सकता है ? आख़िर यह राम राज है या लट्ठ राज ?

उधर उत्तर प्रदेश में भी विकास की चाहे जितनी बातें की जा रही हों परन्तु हिंसा,अराजकता,फ़र्ज़ी मुठभेड़ों का जो दृश्य इस राज्य में दिखाई दे रहा है उसे भी राम राज तो हरगिज़ नहीं लठ्ठ राज ज़रूर कहा जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ क़ानूनी प्रक्रियाओं व अदालतों को नज़रअंदाज़ करते हुए सीधे ठोक देने की बातें विधानसभा तक में करते सुने गये हैं। वे कह चुके हैं कि अपराधी या तो सुधर जाएं, नहीं तो ठोंक दिए जाएंगे. उनकी इस चेतावनी के बावजूद प्रदेश में अपराध बढ़ रहे हैं। लखीमपुर की दुःखद व अफ़सोसनाक घटना ने और साबित कर दिया कि किसानों के आंदोलन से निपटने के लिये सरकार क्या करना चाह रही है ? अभी कुछ दिन पहले ही उत्तर प्रदेश भाजपा द्वारा किसानों को डराने धमकाने वाला एक कार्टून ट्वीटर के माध्यम से जारी किया गया था जिसकी भाषा इस तरह थी - सुना लखनऊ जा रहे तम, किमें पंगा न लिये भाई...,योगी बैठ्या है बक्कल उतार दिया करै,और पोस्टर भी लगवा दिया करै। गोया उत्तर प्रदेश हो या हरियाणा इन सभी राज्यों के निर्वाचित मुख्यमंत्रियों व सत्तारूढ़ दल की भाषा सुनकर यह नहीं कहा जा सकता कि यह गाँधी के महान लोकतंत्र की राजनैतिक विरासत संभालने वाले लोग या राम राज लाने वाले लोग हैं। बल्कि यह ज़रूर कहा जा सकता है कि जनता से इनका -वादा था राम राज का लठ्ठ राज दे दिया?

## अनंत शक्तियों का स्वामी हैं हमारा मन

हमें यह बात हमेशा ध्यान में रखना चाहिए कि मन का परमात्मा के साथ घनिष्ठ संबंध है। मन और ब्रह्म दो भिन्न वस्तुएं नहीं हैं। ब्रह्म ही मन का आकार धारण करता है। अत~ मन अनंत और अपार शक्तियों का स्वामी है। मन स्वयं पुरुष है एवं जगत का रचयिता है। मन के अंदर का संकल्प ही बाह्य जगत में नवीन आकार ग्रहण करता है। जो कल्पना चित्र अंदर पैदा होता है, वही बाहर स्थूल रूप में प्रकट होता है। सीधी-सी बात है कि हर विचार पहले मन में ही उत्पन्न होता है और मनुष्य अपने विचार के आधार पर ही अपना व्यवहार निश्चित करता है। अगर मन में विचार ही न हों तो फिर क्रियान्वयन कहां से आएगा। शायद इसीलिए कहा गया है कि मन के जीते जीत है और मन के हारे हार। मन का स्वभाव संकल्प है। मन के संकल्प के अनुरूप ही जगत का निर्माण होता है। वह जैसा सोचता है, वैसा ही होता है। मन जगत का सुप्त बीज है। संकल्प द्वारा उसे जागृत किया जाता है। यही बीज, पहाड़, समुद्र, पृथ्वी और नदियों से मुक्त संसार रूपी वृक्ष उत्पन्न करता है। यही जगत का उत्पादक है। सत्, असत् एवं सदसत् आदि मन के संकल्प हैं। मन ही लघु को विभु और विभु को लघु में परिवर्तित करता रहता है। मन में सृजन की अपार संभावनाएं स्वयं द्वारा ही निर्मित की हुई हैं। मन स्वयं ही स्वतंत्रतापूर्वक शरीर की रचना करता है। देहभाव को धारण करके वह जगत् रूपी इंद्रजाल बुनता है। इस निर्माण प्रक्रिया में मन का महत्वपूर्ण योगदान है। मन का चिंतन ही उसका परिणाम है। यह जैसा सोचता है और प्रयत्न करता है, वैसा ही उसका फल मिलता है। मन के चिंतन पर ही संसार के सभी पदार्थों का स्वरूप निर्भर करता है। दृढ़ निश्चयी मन का संकल्प बड़ा बलवान होता है। वह जिन विचारों में स्थिर हो जाता है, परिस्थितियां वैसी ही विनिर्मित होने लगती हैं। जैसा हमारा विचार होता है, वैसा ही हमारा जगत् ।

# कहो तो कह दूँ -तू पसंद है जनता की लेकिन टिकिट मिलती है किसी और को

**चैतन्य भट्ट**

सन 1956 में राजकपूर और नरगिस की सुपर हिट फिल्म ÷चोरी चोरी÷ के रीमेक के रूप में 1991 में आमिर खान और पूजा भट्ट अभिनीत फिल्म आई थी ÷दिल है की मानता नहीं÷रु फिल्म का एक सुपर हिट गाना था ÷तू प्यार है किसी और का तुझे चाहता कोई और है, तू पसंद है किसी और की तुझे मांगता कोई और है÷ ये गाना अपने कांग्रेस नेता ÷अरुण यादव÷ पर पूरी तरह से फिट बैठता है, कुछ शब्दों का भर हेर फेर करना पड़ेगा मसलन ÷तू प्यार है जनता का का लेकिन तुझे टिकिट मिले नहीं चाहता कोई और है, तू पसंद है मतदाताओं की, लेकिन टिकिट चाहता कोई और है÷ लम्बे अरसे से खंडवा लोकसभा संसदीय इलाके से चुनाव लड़ने के इच्छुक अरुण यादव तैयारी कर रहे थे लेकिन कमलनाथ हर बार ये ही कह देते थे कि सर्वे में जिसका नाम आएगा टिकिट उसी को मिलेगी, इधर कांग्रेस के एक और नेता मुकेश नायक ने तो अरुण यादव की तुलना भगवान् राम से ही कर डाली, उन्होंने कह दिया कि अरुण यादव ने खंडवा लोकसभा इलाके में इतनी पद यात्राएं कीं कि उनके पैरों में भगवान राम जैसे छाले पड़ गए , अब मुकेश नायक को कौन बताये कि भैया भगवान् राम को चौदह बरस का बनवास मिला था, ऐसा न हो कि अरुण यादव को भी चौदह बरस का राजनैतिक बनवास मिल जाए द्य इधर अपनी उपेक्षा से दुखी अरुण यादव जी ने ट्वीट कर दिया कि ÷फसल मैं उगाता हूं लेकिन काट कर कोई ले जाता है÷ तो हुजूर ये तो दुनिया की रीत है, किसान फसल उगता है रात दिन, आंधी, तूफ़ान, बारिश में खेतों की रखवाली करता है लेकिन व्यापारी उसकी फसल ले जाता है , अब देखों न कमलनाथ ने कितनी मेहनत से प्रदेश में में सत्ता की फसल उगाई



लेकिन एक ही झटके में अपने मामाजी वो फसल लेकर उड़ गए द्य स्मगलर लोग कितने जतन से सोना चांदी की तस्करी करके लाते हैं लेकिन पुलिस उनकी तस्करी की ये फसल अपने अंडर में कर लेती है द्य नशे के सौदागर कंही ÷चड्डी÷ में तो कंही ÷÷बनियान में कंही ÷कार की डिक्की÷ में कंही स्कूटर के टायर के बीच अफीम, गांजा, चरस, कोकीन छुपाकर लाते है लेकिन नारकोटिक्स विभाग उनकी फसल काट लेती है द्य शाहरुख़ खान के बेटे ने भी तो यही किया था लेकिन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने उसके नशे की फसल तो काटी उसको जेल अलग भिजवा दिया द्य मां बाप बेटी को पढ़ा लिखकर बड़ा करते हैं और दामाद आकर माँ बाप की उस फसल रुपी बेटी को ले जाता हैं द्य जिस बेटे से माँ बाप आशा रखते है कि वो बुढ़ापे में उनकी सेवा करेगा उसको बहू आते ही ले उड़ती है, इसलिए यादव जी इस बात पर रंज मत करो, कमलनाथ जी कह रहे थे कि सर्वे के आधार पर टिकिट दी जाएगी उन्होंने तो कॉमेडियन ÷कपिल शर्मा÷ को भी मात कर दिया द्य आज तक किस पार्टी में उम्मीदवार के लिए सर्वे हुआ है, जिसको आला कमान ने इशारा कर दिया उसको टिकिट मिल गई रु आप जिंदगी भर ÷दरी फट्टा÷ उठाते रहो, नेताओं की जय जय कार करते रहो, पार्टी की सेवा में अपना तन, मन, धन सब लगाते रहो अपने लिए टिकिट की फसल तैयार करते रहो लेकिन जैसे ही फसल पक कर तैयार होगी पैराशूट से एक नेता आएगा और आपकी टिकट रुपी फसल का अपहरण करके ले जाएगा द्य अपने को तो यादव जी से एक ही बात कहनी है कि अच्छा हुआ आपने खुद ही चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया कम से कम इज्जत तो बचाली आपने यही क्या कम है द्य

**बेटे चर्चा में हैं**

इन दिनों कई बेटे पूरी मीडिया में छाये हुए हैं हर तरफ बेटों की ही चर्चा हो रही है, अखबातों के पन्ने भरे पड़े हैं इन बेटों के बारे मेंद्य टीवी वाले भी इन बेटों पर डिबेट करवा रहे हैं बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख़ खान के बेटे ÷आर्यन खान÷ तो इस वक्त की सबसे चर्चित और गरम खबर बने हुए हैं द्य क्रूज में ड्रग्स लेते पकडे गए आर्यन खान को बचाने कितने बड़े बड़े वकीलों की फ़ौज उनके बाप शाहरुख़ खान ने कड़ी कर दी लेकिन कानून तो कानून होता है नहीं माना और जेल भेज दिया गया।

# डायबिटीज रोगी का बीपी रात में अगर बढ़ा तो मरने का चांस ज्यादा

### सूडोकु नवताल- 5859

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5858 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

वर्तमान में मधुमेह ऐसा रोग हैं जिसका प्रभाव शरीर के प्रत्येक अंगों पर पड़ता हैं .शिर से पाँव के नख तक और हर प्रणाली पर दोष प्रभाव डालता हैं .इसमें सबसे अधिक ह्रदय पर इसका विपरीत प्रभाव पड़त हैं . एक अध्ययन के अनुसार, टाइप-1 और टाइप 2 वाले लोग जिनका बीपी रात में अचानक से बढ़ जाता है, उनमें मरने का जोखिम उन लोगों की तुलना में ज्यादा है, जिनका बीपी नींद के दौरान कम होता है।

डायबिटीज एक क्रॉनिक डिसीज है, जिसमें फिट रहने और लक्षणों को नियंत्रण में रखने के लिए ब्लड शुगर लेवल की निगरानी की बहुत जरूरत है। लेकिन टाइप-1 और टाइप 2 डायबिटीज से पीड़ित व्यक्ति के लिए एक लंबा और स्वस्थ जीवन जीने के लिए ब्लड प्रेशर लेवल को मैनेज करना भी उतना ही जरूरी है।

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के हाइपरटेंशन साइंटिफिक में हाल ही में प्रस्तुत 21 साल के एक अध्ययन के अनुसार, जो लोग टाइप-1 या टाइप 2 डायबिटीज से ग्रसित हैं और जिनका बीपी रात में सोते समय बढ़ जाता है, उन्हें सावधान रहना चाहिए। क्योंकि रात में बढ़ा हुआ बीपी उनकी जान तक ले सकता है। यह उन लोगों की तुलना में दो गुना ज्यादा है, जिनका बीपी रात में स्थिर या कम रहता है। अगर आपको भी डायबिटीज है, तो आपको भी पहले से ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है।

**ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव कैसे होता है:** आमतौर पर नींद के दौरान बीपी



सामान्य रूप से कम हो जाता है, यदि रात के दौरान बीपी पर्याप्त रूप से कम नहीं होता, तो इसे नॉन-डिपिंग कहा जाता है। यदि दिन के बजाय रात में बीपी बढने लगे, तो इस स्थिति को रिवर्स डिपिंग कहते हैं। ये असामान्य ब्लड प्रेशर पैटर्नटाइप-1 या टाइप 2 डायबिटीज वाले लोगों में ह्दय संबंधी जटिलताओं और मृत्यु के बढ़ते जोखिम से जुड़े हैं। इसलिए विशेषज्ञ भी डायबिटीज से पीड़ित व्यक्ति को बीपी कंट्रोल करने की सलाह देते हैं।

**10 में से 1 व्यक्ति को हो सकती है ये समस्या:** स्टडी से पता चलता है कि टाइप-1 या टाइप 2 मधुमेह वाले 10 में से 1 व्यक्ति को रिवर्स डिपर की समस्या हो सकती है। इटली के यूनिवर्सिटी ऑफ पीसा के डिपार्टमेंट ऑफ क्लीनिकल एंड एक्सपेरीमेंटल मेडिसन के इंवेस्टीगेटर मार्टिना चिरीएको कहते हैं कि हर विशेषज्ञ को टाइप-1 और टाइप-2 डायबिटीज वाले लोगों में असामान्य ब्लड प्रेशर की जांच करनी चाहिए। उनके मुताबिक यह स्थिति बीपी कंट्रोल की परवाह किए बिना मृत्यु के जोखिम को दोगुना बढ़ा सकती है।

एक तिहाई रिवर्स डिपर्स कार्डियक ऑटोनॉमिक न्यूरोपैथी से पीड़ित

रिसर्चर्स ने सन् 1999 में इटली के पीसा में डायबिटीज वाले 359 वयस्कों पर रिसर्च की। शोधकर्ताओं ने पाया कि आधे से ज्यादा प्रतिभागियों का ब्लड प्रेशर रात के दौरान बढ़ा हुआ था। इनमें से 20 प्रतिशत प्रतिभागी रिवर्स डिपर पर थे। उन्होंने यह भी देखा कि लगभग एक तिहाई रिवर्स डिपर्स कार्डियक ऑटोनॉमिक न्यूरोपैथी से पीड़ित थे।

**ऐसे लोगों में जीने की संभावना 2.5 साल कम:** बता दें कि कार्डियक ऑटोनॉमिक न्यूरोपैथी डायबिटीज एक गंभीर जटिलता है, जिसमें हार्ट और ब्लड वेसेल्स को नियंत्रित करने वाली नसें डैमेज हो जाती हैं। यह नर्व डैमेज ब्लड प्रेशर और हार्ट रेट रेगुलेशन को प्रभावित करती है। जिसके बाद मृत्यु और ह्रदय से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि डिपर्स की तुलना में रिवर्स डिपर्स वाले लोगों में जीने की संभावना 2.5 साल कम थी। जबकि नान-डिपर्स में जीने की संभावना 1.1 साल कम थी। डायबिटीज के कई मरीजों में हाइपरटेंशन की समस्या देखी गई है। डायबिटीज धमनियों को नुकसान पहुंचाती है। कई बार डायबिटीज के चलते शरीर की रक्त वाहिकाएं सख्त हो जाती हैं। इस स्थिति को एथेरोस्कलेरोसिस कहा जाता है।

## जनजातीय समाज में शारदीय नवरात्रि

**हेमेन्द्र क्षीरसागर**

हिन्दू धर्म से वनवासी समाज को अलग परिभाषित करने के सभी विभाजनकारी षड्यंत्र तब धवस्त हो जाते हैं, जब इनकी मान्यताएँ, पर्व, रहन-शैली, विचार मेल खाते हैं। बाघ देवी, ज्वाला देवी, गांव देवी और वन देवी की पूजा-अर्चना तथा अंचलों में मंदिर, पट, मढिया इसके ज्वलंत उदाहरण है। शारदीय नवरात्रि ऐसा पर्व है, जो वनवासी क्षेत्रों में भी धूमधाम से मनाया जाता है, यह सिद्ध करता है कि हम हिन्दू हैं, भले ही हमारे निवास स्थान, रहन-सहन अलग-अलग हैं। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा के रूप में मनाया जाता है। नौ दिनों तक मनाई जाने वाली इस पूजा में माँ दुर्गा के सभी नौ रूपों की पूजा होती है। वनवासी क्षेत्रों की नवरात्रि पूजा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से तनिक भिन्न है। इनके नामों व पूजा पद्धति में विविधता है। वनवासी देवी माँ से अच्छी फसल, वर्षा व प्रकृति संरक्षण की याचना करते हैं। भील समाज में नवणी पूजा, गोंड समाज में खेरो माता, देवी माई की पूजा, कोरकू समाज में देव-दशहरा के रुप में देवी माँ की पूजा होती है। भील समाज में नवणी पर्व नवणी में भील अपनी कुलदेवी व दुर्गा-भवानी का पूजन करते हैं। यह त्यौहार अश्विन (कुआर) माह में शुक्ल पक्ष की पड़वा से प्रारम्भ होता है। पूरे वर्षभर में हुई गलतियों के लिये सभी देवी-देवताओं से क्षमा याचना करते हैं। नवणी से पहले स्वच्छता की दृष्टि से घरों की गोबर व मिट्टी से लिपाई होती है। व्रती सागौन की पाटली (पटिया) सुतवार (बढ़ई) से बनवाकर उस पर चाँद व सूर्य उकेरवाता है। घर या आंगन में चौका पुराया जाता है। पाटली में शुद्ध धागा नौ बार लपेटा जाता है, उसी चौके पर पाटली की स्थापना कर पूजा की जाती है। जिस सागौन से पाटली काटी गयी होती है, उसे भी कच्चा सूत व नारियल भेंट किया जाता है। बाँस की छोटी-छोटी पाँच या सात टोकरियों में मिट्टी डालकर गेहूँ बोया जाता है, इसे बाड़ी, जवारा या माता कहते हैं। यह जवारा नवमी तिथि को संध्या की बेला में नदी में विसर्जित होता है। श्रद्धालु खप्पर, गीत गाते नदी तट पर जवारा लेकर जाते हैं। जिसे श्रद्धा स्वरूप एक दूसरे को देते हैं।

गोंड ही नहीं, कोरकू जनजाति में भी कई दशहरे मनाये जाते हैं, जिसमें से एक दशहरा कुआर की नवरात्रि है। गोंड समाज के लोग गाड़वा (वृत?ताकार में भूमि में धंसाये गई लकड़ी) के सामने ककड़ी को बकरे का प्रतीक मानकर काटते हैं। अपने ईष्ट से याचना करते हैं कि वर्षभर हमें कुल्हाड़ी, हंसिया चलाना पड़ता है, उसमें कोई हानि न हो।

# दीवार से स्टीकर की गोंद के निशान साफ करने के लिए अपनाएं ये नुस्खे



घर की सजावट के लिए लोग तरह-तरह की चीजों का इस्तेमाल करते हैं और वॉल स्टीकर उन्हीं में से एक है। हालांकि, कुछ दिनों के बाद वॉल स्टीकर के रंग उड़ जाते हैं तो लोग इसे दीवार से हटा देते हैं लेकिन कई बार इसकी गोंद के निशान दीवार पर रह जाते हैं, जिसके कारण यह गंदी लगती है। आइए आज हम आपको कुछ घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिन्हें अपनाकर दीवार से स्टीकर की गोंद को साफ करना आसान होगा।

## बेकिंग सोडा का करें इस्तेमाल

अगर आप अपनी घर की दीवार से स्टीकर की गोंद के निशान हटाना चाहते हैं तो इसके लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करें। इसके लिए पहले दो कप पानी में एक चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं। अब इस मिश्रण का निशान वाली जगह पर अच्छे से छिड़काव करके कुछ देर के लिए छोड़ दें। कुछ देर बाद क्लीनिंग ब्रश से निशान से प्रभावित दीवार के हिस्से को हल्के हाथ से रगड़कर साफ कर करें। इससे निशान हट सकते हैं।

## नेलपेंट रिमूवर आएगा काम

दीवार से स्टीकर की गोंद को हटाने के लिए नेलपेंट रिमूवर का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए बस आप नेलपेंट रिमूवर से थोड़ी सी रूई को अच्छे सें भिगोकर निशान वाली जगह लगाकर मलें। इसके बाद क्लीनिंग ब्रश से एक से दो बार निशान को अच्छे से रगड़े। इससे निशान आसानी से हट जाएगा। हालांकि, अगर एक बार में निशान नहीं निकले तो इस नुस्खे को दोबारा दोहराएं।


## हाइड्रोजन पेरॉक्साइड से मिलेगी मदद

हाइड्रोजन पेरॉक्साइड एक तरह का केमिकल होता है, जिसकी मदद से भी आप अपने घर की दीवार से स्टीकर की गोंद के निशान को आसानी से साफ कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले हाइड्रोजन पेरॉक्साइड की कुछ बूंदों को निशान वाली जगह पर अच्छे से लगाकर छोड़ दें, फिर लगभग 10 मिनट के बाद क्लीनिंग ब्रश से निशान को अच्छे से रगड़कर साफ कर लें। इससे निशान आसानी से हट जाएगा और दीवार को भी नुकसान नहीं पहुंचेगा।

## नींबू का रस भी है प्रभावी

नींबू के रस से भी दीवार पर चिपकी स्टीकर की गोंद आसानी से साफ कर सकते हैं। इसके लिए पहले निशान वाली जगह पर नींबू का रस लगाकर कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। क्लीनिंग ब्रश से निशान को अच्छे से रगड़कर साफ कर लें। आप चाहें कि इस उपाय को और प्रभावी बनाने के लिए नींबू के रस में नमक भी मिला सकते हैं। यकीन मानिए इससे दीवार पर लगे गोंद के निशान तुरंत साफ हो जाएंगे।

# मैंने इंडस्ट्री का फंडा सीख लिया हैं,जो दिखाता हैं वहीं बिकता:उर्फी जावेद



पिछले कुछ दिनों से उर्फी जावेद सोशल मीडिया छाई हुई है। कभी अपने विवादित बयानों की वजह से,तब कभी उनके ड्रेसिंग सेंस लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लेता हैं। उर्फी हाल ही में बिग बॉस ओटीटी हाउस से बाहर आई हैं। बाहर निकलकर सोशल मीडिया सेंसेशन बनने को लेकर उर्फी कहती हैं, मैं बहुत अमेजिंग हूं। बिग बॉस ने भले ही मेरी इस च ालिटी को नहीं देखी हो लेकिन दुनियावाले जान गए हैं, कि मैं बहुत ही एंटरटेनिंग हूं।अब तो यह बिग बॉस का लॉस है, हालांकि दुनियावाले समझ गए हैं और मेरे लिए ये बहुत अच्छा है। मैंने करियर की शुरुआत सात साल पहले की थी।मैंने काफी सारे डेलीसोप किए हैं, लेकिन मुझे वहां कोई नहीं पहचानता है। अपने इंस्टाग्राम और कपड़ों की वजह से मैं लाइमलाइट में आई हूं।बिग बॉस में एंट्री के बाद थोड़ा हाइलाइट हो गया है. टीवी शोज से मुझे काफी नाराजगी है।कई बार मुझे से बिना बताए निकाल दिया गया।वहीं कुछ शोज थोड़े दिन चलने के बाद बंद हो गए। डेलीसोप से मुझे पहचान व नाम नहीं मिली है। जबकि मैंने अपनी जिंदगी के सात साल गुजारे हैं। मुझे कहने में यह हिचक नहीं है कि आज जो भी शौहरत मिली है, अपने कपड़ों की वजह से ही मिली है।अब लोग आपके टैलेंट से ज्यादा आपके ड्रेंसिंग सेंस पर बातें करते हैं।इस इंडस्ट्री का फंडा मैंने सीख लिया है, जो दिखता है,वहीं बिकता है। मैं इस पॉजिटिव ही लेती हूं।

# रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की शूटिंग के लिए जल्द ही दिल्ली रवाना होंगे रणवीर: आलिया



जब से करण जौहर ने अपनी अगली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का ऐलान किया है, यह लगातार सुर्खियों में है। इस फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। आए दिन फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आ रही है। अब खबर है कि इस फिल्म की शूटिंग के लिए रणवीर और आलिया जल्द ही दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी एक बंगाली लड़के और पंजाबी लड़के के प्रेम संबंधों पर आधारित है। इस फिल्म की ज्यादातर शूटिंग दिल्ली में होनी है। दिल्ली शेड्यूल पूरा होने से काफी हद तक फिल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी। रणवीर-आलिया 15 अक्टूबर से दिल्ली में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। शूट से एक या दो दिन पहले दोनों दिल्ली के लिए निकल जाएंगे, जहां उनके 20 या 25 दिनों तक रहने की उम्मीद है।

धर्मेंद्र भी इस फिल्म में एक खास भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने सितंबर में मुंबई में इस फिल्म की शूटिंग के दौरान सेट से एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह मस्ती करते दिख रहे थे। धर्मेंद्र ने कहा था कि वह दर्शकों की शुभकामनाओं से कैमरे के सामने रोमांस कर रहे हैं। इस फिल्म में धर्मेंद्र का रोमांटिक अवतार देखने को मिलेगा। अब वह दिल्ली शेड्यूल में शामिल होंगे या नहीं, फिलहाल यह जानकारी नहीं मिली है।

इस फिल्म से करण जौहर पांच साल बाद निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। करण ने जुलाई में इस फिल्म की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि यह एक प्रेम कहानी है, लेकिन यह सामान्य प्रेम कहानी नहीं होगी। रॉकी और रानी दर्शकों को एक ऐसी यात्रा पर ले जाएगी, जिससे सामान्य प्रेम कहानियों को फिर से परिभाषित करने में मदद मिलेगी। इस फिल्म में जया बच्चन और शबाना आजमी भी एक अहम भूमिका निभा रही हैं।

रणवीर जल्द ही कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म 83 में नजर आएंगे। वह निर्देशक शंकर की फिल्म अन्नियन के हिंदी रीमेक में काम कर रहे हैं। फिल्म सर्कस, जयेशभाई जोरदार और सूर्यवंशी भी उनके खाते से जुड़ी है। दूसरी तरफ आलिया फिल्म आरआरआर से साउथ इंडस्ट्री में कदम रख रही हैं। उन्हें फिल्म ब्रह्मास्त्र में रणबीर कपूर के साथ देखा जाएगा। वह शाहरुख खान के होम प्रोडक्शन में बन रही फिल्म डार्लिंग्स का भी हिस्सा हैं।

# सुपरनैचुरल फिल्म अद्भुत में नजर आएंगे नवाजुद्दीन सिद्दीकी, जारी हुआ टीजर



नवाजुद्दीन सिद्दीकी किसी भी किरदार को शिद्दत से निभाने के लिए जाने जाते हैं। फिल्म इंडस्ट्री में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है। यही वजह है कि वह लाखों प्रशंसकों के दिलों में राज करते हैं। हाल में खबर आई थी कि वह मुन्ना माइकल के निर्देशक सब्बीर खान की सुपरनैचुरल फिल्म अद्भुत में नजर आएंगे। अब मेकर्स ने फिल्म की आधिकारिक घोषणा कर दी है। साथ ही उन्होंने फिल्म का टीजर वीडियो जारी किया है।

नवाजुद्दीन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस फिल्म का ऐलान किया है। उन्होंने टीजर को शेयर करते हुए अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, फिल्म अद्भुत की यात्रा शुरू होती है। निर्देशक सब्बीर के साथ इस तरह के चरित्र की खोज करना एक रोमांचकारी प्रक्रिया होगी। नवाजुद्दीन को आखिरी बार नेटफ्लिक्स की फिल्म सीरियस मैन में देखा गया था। नवाजुद्दीन के अलावा फिल्म में डायना पेंटी, रोहन मेहरा और श्रेया धनवंतरी भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। अद्भुत के टीजर में नवाजुद्दीन बेबाक अंदाज में नजर आए हैं। वह अपनी डायलॉग डिलीवरी से प्रभावित करने में कामयाब रहे हैं। टीजर में वह श्रेया से कहते हुए दिखे हैं कि उन्हें क्या नजर आ रहा है। दरअसल, अंधेरे में श्रेया को कुछ भी दिखाई नहीं देता है। इसके बाद लाइट जलाकर वह उन्हें बताते हैं, कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है, इसका मतलब यह नहीं है कि वहां कोई नहीं है। बस वहां रोशनी की कमी है।

सुपरनैचुरल फिल्मों की तरह टीजर का म्यूजिक डरावना प्रतीत होता है। कलाकारों ने फिल्म की शूटिंग इस महीने शुरू कर दी है। नवाजुद्दीन ने इससे पहले सब्बीर की फिल्म मुन्ना माइकल में काम किया था।

# जो मैंने अपेक्षा की थी, उससे बहुत अधिक रिस्पांस मिल रहा हैं:एकावली खन्ना

ऑल्ट बालाजी के शो 'हाय तौबा 3' में अपने शानदार परफॉरमेंस से दर्शकों का दिल जीतने वाली एकावली खन्ना ने हाल ही में एक चौंकाने वाला बयान दिया है। अभिनेत्री ने खुलासा किया कि एंथोलॉजी की वजह से उनको मिले रिस्पांस ने उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया है। एकावली ने कहा कि रिलीज के बाद शो को मिले रिस्पांस ने वास्तव में मुझे चकित कर दिया है। यह मेरी अपेक्षा से कहीं अधिक है। मुझे यह तो मालूम था कि ऑल्ट बालाजी की पहुंच बहुत बड़ी है, लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि इतने सारे लोग मुझसे कहेंगे कि वे शो में मेरे लुक को और मेरे द्वारा निभाये गए कैरेक्टर सरला को पसंद करते हैं। एकावली ने बताया कि मुझे लगता है, खास तौर पर इतने सारे एक्टर्स वाले एक एंथोलॉजी के लिए, जब दर्शक यह कहते हुए रिस्पांस देते हैं कि हमें आपका परफॉरमेंस पसंद है, शो में प्रदर्शित आपका अभिनय कौशल हमें अच्छा लगा, तो यह सबसे बड़ी तारीफ है। एकावली ने यह भी कहा कि यह शो उनके कम्फर्ट जोन से बाहर चला गया, लेकिन इससे उन्हें काफी संतुष्टि मिली है। उन्होंने कहा कियह मेरी सबसे बड़ी सीख है कि मैंने एक एक्टर के रूप में अपने कौशल का इस्तेमाल किया है और इसके लिए दर्शकों ने सराहना की है। मुझे लगता है कि मेरे लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है और यह बहुत संतुष्टिदायक है। यही इस पूरे अनुभव को बहुत संतुष्टिदायक बनाता है। यह कुछ ऐसा रहा जिसे मैंने अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आकर किया है और इसे पसंद किया जा रहा है। इसलिए मुझे लगता है कि रिस्पांस मुझे इस वक्त काफी संतुष्टि प्रदान कर रहा है। 'हाय तौबा 3' लोकप्रिय फ्रैंचाइज़ी का तीसरा चैप्टर है जो विशेष रूप से ऑल्ट बालाजी पर प्रदर्शित होता है। 'हाय तौबा चैप्टर 3' महिलाओं पर केंद्रित है और महिलाओं के निर्णयों की सराहना करते हुए उन्हें सशक्त बनाता है।

# मृणाल ठाकुर ने पूरी की अपनी आगामी फिल्म पिप्पा की शूटिंग



बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने सुपर 30, लव सोनिया और तूफान जैसी फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। उन्होंने अपनी आगामी फिल्म पिप्पा की शूटिंग पूरी कर ली है।

अभिनेत्री ने इस बात की पुष्टि अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अपनी तस्वीरें साझा करते हुए की। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा,खूबसूरती और शोभा की परिभाषा एक फ्रेम में, मेरे हिस्से की शूटिंग पूरी हुई। मृणाल ने दो तस्वीरें साझा की हैं, पहली तस्वीर में मृणाल ने फिल्म से अपना लुक शेयर किया है और दूसरी तस्वीर उन्होंने अपने निर्देशक के साथ शेयर की है जिसमे में वे काफी खुश नजर आ रही हैं। बता दें कि मृणाल की इस नयी फिल्म का निर्देशन एयरलिफ्ट जैसी फिल्म बनाने वाले निर्देशक राजा कृष्ण मेनन ने किया है। इस फिल्म का निर्माण सिद्धार्थ रॉय कपूर कर रहे हैं। फिल्म पिप्पा की कहानी ब्रिगेडियर बलराम सिंह मेहता के ऊपर है,जिन्होंने वर्ष 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच में लड़े गए युद्ध के दौरान 45वें कैवेलरी टैंक स्क्वाड्रन को लीड किया था। मृणाल ठाकुर आखिरी बार फिल्म तूफान में नजर आयी थी। इस फिल्म में उनके साथ फरहान अख्तर भी नजर आए थे। मृणाल को असल पहचान फिल्म सुपर 30 से मिली थी। दर्शको ने इस फिल्म को काफी पसंद किया था। अब देखना होगा कि मृणाल इस ड्रामा-वॉर फिल्म में कितनी छाप छोड़ पाएंगी।

# एक्सपायर सनस्क्रीन को फेंकने की बजाय इन तरीकों से करें इस्तेमाल



अगर आपके पास कोई ऐसी सनस्क्रीन है जो एक्सपायर हो गई है तो उसे फेंकने के बजाय आप उसका इस्तेमाल विभिन्न तरीकों से कर सकते हैं। आप चाहें को इस तरह की सनस्क्रीन का इस्तेमाल चांदी की चीजों को चमकाने से लेकर बर्तनों से स्टीकर को निकालने तक कई कामों के लिए कर सकते हैं। चलिए फिर आज एक्सपायर सनस्क्रीन से जुड़े कुछ अद्भुत हैक्स के बारे में जानते हैं।

**चांदी की चीजों को साफ करें:** अगर आपके पास चांदी की ऐसी कोई चीज है जो काली पड़ गई है तो इसे साफ करने के लिए आप एक्सपायर सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए काली पड़ चुकी चांदी की चीज पर एक्सपायर सनस्क्रीन को अच्छे से लगाकर उसे कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें और फिर इसे पानी से धो लें। इसके बाद चांदी की चीज को टिश्यू पेपर से पोंछकर रख दें। ऐसा करने से चांदी का सारा कालापन चला जाएगा।

**स्टीकर को आसानी से निकालें:** अगर किसी नए बर्तन या फिर किसी अन्य चीज पर लगे स्टीकर को निकालना आपके लिए काफी मुश्किल हो तो आप इस काम को आसान बनाने के लिए एक्सपायर सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले स्टीकर वाली जगह पर थोड़ी एक्सपायर सनस्क्रीन लगाकर उसे कुछ मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। ऐसा करने से स्टीकर्स की पकड़ कमजोर हो जाएगी और फिर आप चुटकियों में इन स्टीकर्स को निकाल पाएंगे।

**बतौर शेविंग क्रीम करें इस्तेमाल:** अगर आपकी शेविंग क्रीम खत्म हो चुकी है तो आप इसकी जगह एक्सपायर सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। यकीन मानिए शेविंग क्रीम के तौर पर सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना काफी फायदेमंद होगा क्योंकि इससे बहुत ही कोमलता से आप अपने अनचाहे बालों को शेव कर पाएंगे। वहीं इसकी मदद से ब्लेड से त्वचा के कटने का डर भी नहीं रहता और शेविंग के बाद त्वचा भी मुलायम लगती है।

**दीवार से इंक और मार्कर के निशान हटाएं:** अगर आपके घर में छोटे बच्चे हैं तो आपको आए दिन घर की दीवारों से इंक और मार्कर के निशान साफ करने के लिए मेहनत करनी पड़ती होगी। आप चाहें तो इस काम को आसान बनाने के लिए एक्सपायर सनस्क्रीन की मदद ले सकते है।

# बॉलीवुड को अलविदा कहने के दो साल बाद जायरा वसीम ने शेयर की पहली तस्वीर

बॉलीवुड अदाकारा रह चुकी दंगल फेम अभिनेत्री जायरा वसीम ने 2019 में फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया था। जायरा के इंडस्ट्री से दूर होने के कारण उनके लाखों प्रशंसकों का दिल टूट गया था। किसी को इस बात पर यकीन नहीं हो रहा था कि एक सफल अभिनेत्री ऐसा फैसला ले सकती हैं। अब बॉलीवुड को अलविदा कहने के दो साल बाद जायरा ने सोशल मीडिया पर अपनी पहली तस्वीर शेयर की है। जायरा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर शेयर की है। हालांकि, इस तस्वीर में उनका चेहरा साफ-साफ नहीं दिख रहा है। वह एक पुल पर पोज देते हुए नजर आई हैं। इस तस्वीर में वह बुर्के में नजर आई हैं। इससे पहले जायरा ने अपने फैन पेज के सोशल मीडिया हैंडल से अपनी तस्वीरें हटाने के लिए कहा था। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, अक्टूबर का गर्म सूरज। फैंस ने अभिनेत्री का सोशल मीडिया पर स्वागत किया है। जून, 2019 में जायरा ने फेसबुक पर एक विस्तृत नोट लिखते हुए घोषणा की थी कि उन्होंने धार्मिक कारणों से एक्टिंग छोड़ दिया है। उन्होंने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा था, इस पेशे से मुझे बहुत प्यार, शोहरत और समर्थन मिला है, लेकिन इसकी वजह से मैं अनजाने में अपने ईमान से भटकने लगी हूं।

## वन-टू-वन

### विराट ने बताया कप्तानी छोड़ने का कारण



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने टी20 टीम और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की कप्तानी छोड़ने का कारण बताया है। विराट ने कहा कि उनके इस फैसले के पीछे सबसे बड़ी वजह काम के बढ़े बोझ को कम करना (वर्कलोड मैनेजमेंट) है। उन्होंने कहा कि किसी भी काम को 120 फीसदी जज्बे के साथ किया जाना चाहिये। साथ ही कहा कि मैं नहीं चाहता कि अपनी जिम्मेदारियों में किसी भी प्रकार की कमी हो । अगर मैं किसी काम में अपना 120 फीसदी नहीं दे सकता तो मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो उन्हें पकड़े रखूंगा। मैं किसी भी चीज से इस तरह नहीं जुड़ा हूं और यह बात हमेशा से ही मेरे दिमाग में रही है। विराट साल 2013 के आईपीएल सत्र से ही बैंगलोर की कप्तानी कर रहे हैं। उनसे पहले डेनियल विटोरी आरसीबी के कप्तान थे। बैंगलोर की टीम चार बार आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंची है। साल 2016 में उसने फाइनल तक का सफर तय किया था। कोहली ने साफ कर दिया है कि वह इस सत्र के बाद आरसीबी की कप्तानी छोड़ देंगे हालांकि वह एक खिलाड़ी के तौर पर उपलब्ध रहेंगे। विराट इस बार टीम को खिताबी जीत दिलाकर अपनी कप्तानी छोड़ना चाहेंगे।

### पुरुष टी20 विश्व कप विजेता को मिलेगी 1.6 मिलियन डॉलर की इनामी राशि

**दुबई ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा कि 17 अक्टूबर से शुरु हो रहे पुरुष टी20 विश्व कप 2021 की विजेता टीम को 1.6 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि इनाम में मिलेगी। वहीं उपविजेता को इसकी लगभग आधी राशि मिलेगी। आईसीसी ने यह भी कहा कि सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 4 लाख डॉलर मिलेंगे। सभी 16 प्रतिस्पर्धी टीमों को टूर्नामेंट के लिए पुरस्कार राशि के रूप में रखे गये 5.6 मिलियन डॉलर का हिस्सा मिलेगा। इस टूर्नामेंट के 2016 संस्करण की तरह ही सुपर 12 चरण में मैच जीतने वाली प्रत्येक टीम को बोनस राशि भी मिलेगी। उस चरण के 30 खेलों में से प्रत्येक में जीतने वाली टीम इस बार 40,000 डॉलर, कुल 1,200,000 डॉलर जीतेगी। वहीं सुपर 12 चरण में प्रतिस्पर्धा करने वाली टीमों में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज हैं। जिन आठ टीमों के पुरुष टी20 विश्व कप अभियान सुपर 12 चरण में समाप्त होंगे, उन्हें अपने आप ही 70,000 डॉलर मिलेंगे जो कुल मिलाकर 560,000 डॉलर होंगे। 40,000 डॉलर उन टीमों को मिलेंगे जो 12 मैचों में से प्रत्येक को जीतते हैं जिसकी राशि 480,000 डॉलर है जबकि पहले ही दौर में बाहर हुई चार टीमों को कुल 160,000 डॉलर से 40,000 डॉलर मिलेंगे। जिन टीमों के अभियान पहले दौर में शुरू होंगे उनमें बांग्लादेश, आयरलैंड, नामीबिया, नीदरलैंड, ओमान, पापुआ न्यू गिनी, स्कॉटलैंड और श्रीलंका शामिल हैं।

### वनप्लस बुड्स झेड2 होगा 13 अक्टूबर को लॉन्च

**नई दिल्ली।** आगामी तेरह अक्टूबर को वनप्लस बुडस झेड2 को लॉन्च किया जाना है। इसके अलावा वन प्लस 9आरटी को भी लॉन्च किया जाएगा। वनप्लस बुडस झेड2 की ट्रू वायरलेस ईयरबड्स के रिटेल बॉक्स की फोटो लॉन्च से पहले लीक हो गई है। इसे ऑनलाइन देखा गया है। जानकारी के अनुसार, इसमें चार्जिंग केबल होगा। साथ ही इसका चार्जिंग केस सिलेंड्रिक आकार का होगा। इसमें सिलिकॉन ईयर टिप्स दिए गए होंगे। इसमें कुछ अतिरिक्त टिप्स भी मौजूद होंगे। वनप्लस बुडस झेड2 के कलर की बात करें तो जानकारी के अनुसार, यह ओबसडियन ब्लैक में आएगा। हालांकि, उम्मीद की जा रही है कि इसे अन्य कलर्स में भी पेश किया जा सकता है। इस रिटेल बॉक्स में वारंटी कार्ड दिया गया होगा। साथ ही हेल्प गाइड भी होगी। इसके सिलिकॉन टिप्स दो अलग-अलग साइज में मौजूद होंगे। वहं, इसके बॉक्स में यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग केबल भी दिया जाएगा। इसके फीचर्स की बात करें तो इसमें एक्टिव नॉइस कैंसिलेशन , डस्ट और वाटर रसिस्टेंस के लिए आई55 रेटिंग, ब्लूटूथ वू5.2 के साथ-साथ डॉल्बी एटमस जैसे फीचर्स दिए गए हैं। बैटरी लाइफ की बात करें तो इसमें 38 घंटे तक का प्लेबैक टाइम मिलेगा। वहीं, यह 7 घंटे में फुल चार्ज हो जाएंगे। वनप्लस बुडस झेड2 के डिजाइन की बात करें तो बेहतर ग्रिप के लिए इन-ईयर डिजाइन दिया गया होगा। रिटेल बॉक्स के अनुसार, चार्जिंग केस 520 एमएएच चार्जिंग केस के साथ लॉन्च होने की उम्मीद है। वन प्लस ने भी इससे पहले एक टीजर जारी किया था जिससे यह साफ पता चल रहा था कि वनप्लस बुडस झेड2 व्हाइट कलर में उपलब्ध कराया जाएगा।

### गिरावट के बाद शेयर बाजार में आई तेजी

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और कोटक बैंक के शेयरों में तेजी के साथ सेंसेक्स सोमवार को शुरुआती कारोबार में 100 अंक से अधिक चढ़ गया। 100 अंकों से अधिक की गिरावट के साथ खुलने के बाद 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 100.22 अंक की बढ़त के साथ 60,159.28 पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 52.05 अंक बढ़कर 17,947.25 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में मारुति के शेयरों में सबसे ज्यादा तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई। इसके बाद एनटीपीसी, पावरग्रिड, कोटक बैंक, बजाज फिनसर्व और बजाज ऑटो का स्थान रहा। दूसरी ओर, टीसीएस को छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। कंपनी की दूसरी तिमाही का राजस्व उम्मीद से कम रहने के बाद ऐसा हुआ।

# हर दिन के साथ ही बेहतर हो रहे पांड्या: रोहित



**दुबई।** सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के अनुसार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या हर दिन के साथ बेहतर होते जा रहे हैं। पांड्या इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 के पांच मुक़ाबले में से किसी भी मैच मे गेंदबाज़ी नहीं कर पाये थे जिससे उनकी फिटनेस पर सवाल उठने लगे हैं। इससे आगामी टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम की चिंता भी बढ़ गयी है। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित ने कहा, %फिजियो, ट्रेनर और पूरी मेडिकल टीम पांड्या पर ध्यान दे रही है, फिलहार तो उन्होंने इस लेग में एक भी गेंद नहीं डाली है हालांकि वह हर दिन के साथी बेहतर होते जा रहे हैं, मुझे लगता है कि अगले सप्ताह से वह गेंदबाजी करने के लिए भी फिट हो जाएंगे। इसके ज्यादा केवल फिजियो या मेडिकल टीम ही कुछ बता सकती है।

इससे पहले मुंबई इंडियंस के कोच माहेला जयवर्धने ने भी कहा था अगर उनपर गेंदबाजी के लिए दबाव डाला गया तो इसका असर उनकी बल्लेबाजी पर भी पड़ सकता है। हार्दिक के लिए आईपीएल का ये सत्र अच्छा नहीं रहा। उन्होंने 14.11 के औसत से केवल 117 रन बनाए और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट भी 113.39 ही रहा। रोहित शर्मा ने उनकी बल्लेबाजी को लेकर कहा, जहां तक उनके बल्लेबाजी का सवाल है तो हम सभी उनकी प्रतिभा से वाकिफ हैं। इससे पहले भी वह इन हालातों से वापसी कर चुके हैं और मुझे व्यक्तिगत तौर पर भी विश्वास है कि वह दोबारा पुराने अंदाज में दिखेंगे।

## विश्व कप फुटबॉल क्वालिफायर: डेनमार्क और इंग्लैंड ने दर्ज की जीत

**जेनेवा।** डेनमार्क और इंग्लैंड ने विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाईंग मैचों में बड़ी जीत के साथ ही यूरोपीय ग्रुप चरण अभियान की ओर कदम बढ़ाया है। वहीं स्कॉटलैंड, सर्बिया, स्वीडन, स्विट्जरलैंड और यूक्रेन ने भी अगले साल कतर में होने वाले विश्व कप टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिये कम से कम प्लेऑफ में स्थान पक्का करने की तरफ कदम बढ़ा लिए हैं। डेनमार्क ने ग्रुप एफ में मोलदोवा को 4-0 से हराया। यह उसकी लगातार सातवीं ऐसी जीत है, जिसमें उसके खिलाफ गोल नहीं हुआ। डेनमार्क अब यदि मंगलवार को ऑस्ट्रिया को हरा देता है तो वह विश्व कप के लिये क्वालीफाई कर लेगा। वहीं ग्रुप के अन्य मुकाबलों में स्कॉटलैंड ने इस्राइल को एक संघर्षपूर्ण मैच में 3-2 से हराया जबकि ऑस्ट्रिया ने फेरोइ आइलैंड पर 2-0 से जीत हासिल की। इंग्लैंड ने ग्रुप आई में एंडोरा को 5-0 से हराया। वह अब ग्रुप में दूसरे स्थान पर कायम अल्बानिया से चार अंक आगे हो गया है। इंग्लैंड की ओर से पहले हाफ में बेन चिलवेल और बुकायो साका जबकि दूसरे हाफ में टैमी अब्राहम, जेम्स वार्ड-प्रूस और जैक ग्रीलिश ने गोल दागे। हंगरी ने जून में यूरोपीय चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन किया था पर उसे बुडापेस्ट में अपने घरेलू मैदान पर अल्बानिया के हाथों 0-1 से हार का सामना करना पड़ा है। वहीं दूसरी ओर पोलैंड ने वारसा में सैन मैरिनो को 5-0 से पराजित किया। वहीं ग्रुप सी में उत्तरी आयरलैंड को 2-0 से हराया जबकि सर्बिया ने ग्रुप ए में लक्समबर्ग पर 1-0 से करीबी मुकाबले में जीत दर्ज की।

### पुरुष टी20 विश्व कप में पहली बार होगा होगा डीआरएस तकनीक का प्रयोग

**दुबई।** इसी माह 17 अक्टूबर से यूएई और ओमान में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप क्रिकेट में पहली बार निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) तकनीक का इस्तेमाल होगा। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टूर्नामेंट में इसके उपयोग को मंजूरी दे दी थी। आईसीसी ने आगामी टूर्नामेंट के लिए जारी खेल के नियमों में डीआरएस को भी शामिल किया है। टी20 विश्व कप 17 अक्टूबर से 14 नवंबर के बीच खेला जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रत्येक टीम को प्रत्येक पारी में डीआरएस के दो अवसर मिलेंगे। वहीं इससे पहले टी20 विश्व कप में कभी भी डीआरएस का इस्तेमाल नहीं किया गया था। अंतिम बार जब 2016 में टी20 विश्व कप खेला गया था तब इस प्रारूप में डीआरएस का उपयोग नहीं हुआ था।

# टी20 ओर कोविड के कारण बने हालातों से टेस्ट क्रिकेट को हुआ नुकसान : चैपल



**सिडनी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान इयान चैपल के अनुसार टी20 क्रिकेट की बढ़ती हुई लोकप्रियता से टेस्ट क्रिकेट का आकर्षण घटा है। इसके साथ ही कोविड-19 के कारण पैदा हुए हालातों से भी खेल के लंबे प्रारुप को नुकसान पहुंचा है। चैपल ने कहा कि टी20 मैच कम समय में पूरा हो जाता है और इसलिए यह प्रशंसकों की पहली पसंद बनता जा रहा है।

उन्होंने कहा, 'यूएई में टी20 विश्व कप खेला जाना है और उसके बाद उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया में एशेज श्रृंखला खेली जाएगी। एशेज श्रृंखला को लेकर चली बातचीत का मुख्य कारण कोविड महामारी थी पर टी20 प्रारूप टेस्ट क्रिकेट पर हावी हो गया है। चैपल ने कहा, 'टी20 टूर्नामेंट में भाग लेने वाले देशों को शामिल करने के लिए केवल कुछ दिनों की जरूरत होती है और इसलिए वर्तमान के कठिन हालातों को देखते हुए लंबी अवधि की टेस्ट श्रृंखला की तुलना में इसमें पाबंदियों से समझौता करना सभी के लिए आसान होता है। उन्होंने कहा, 'कम अवधि का होने के कारण टी20 क्रिकेट उन देशों को टेस्ट मैचों की तुलना में अधिक अनुकूल लगता है जो पारंपरिक तौर पर क्रिकेट खेलने वाले देश नहीं हैं। यही वजह है कि आगामी टी20 टूर्नामेंट में ओमान और पापुआ न्यूगिनी जैसे देश भाग ले रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि टी20 प्रारूप खिलाड़ियों के लिये अधिक लुभावने और आकर्षक हैं। चैपल ने कहा, 'टी20 प्रारूप ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को छोड़कर अन्य देशों में टेस्ट क्रिकेट की तुलना में अधिक लुभावना और लोकप्रिय है। उन्होंने कहा, 'टेस्ट खिलाड़ी तैयार करने के लिए आवश्यक आधारभूत लागत गैर पारंपरिक क्रिकेट देशों के लिये काफी अधिक है जबकि दूसरी ओर एक टी20 प्रतियोगिता का संचालन आसान है और इससे अच्छी आय भी होती है। चैपल ने कहा, 'यहां तक कि अगर गैर पारंपरिक देश की अपनी टी20 प्रतियोगिता नहीं है तब भी उसके बेहतर खिलाड़ियों के पास विदेशों में जाकर टूर्नामेंट खेलकर अच्छी कमाई करने का अवसर है। चैपल ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट चलता रहेगा पर यह पारंपरिक क्रिकेट खेलने वाले देशों तक ही सीमित रहेगा। उन्होंने कहा, 'इन सब बातों पर गौर करने पर पता चलता है कि भविष्य में टेस्ट श्रृंखलाएं पारंपरिक क्रिकेट देशों के बीच ही खेली जाएंगी। टेस्ट खेलने वाले नए देशों आयरलैंड और अफगानिस्तान में खेल का लंबा प्रारूप फलेगा फूलेगा इसकी संभावना कम लगती है।

# इंग्लैंड ने एशेज दौरे के लिए घोषित की 17 सदस्यीय टीम

### स्टोक्स, आर्चर और सैम करेन को नहीं मिली जगह

**लंदन।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने आगामी एशेज दौरे के लिए 17 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। टीम के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में होने वाली एशेज सीरीज के लिए 17 खिलाड़ियों की टीम में ऑलराउंडर बेन स्टोक्स, जोफ्रा आर्चर और सैम करेन जैसे खिलाड़ियों को शामिल नहीं किया है। इसमें शामिल सभी 17 खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट तक ही सीमित हैं। यह सिल्वरवुड द्वारा चयनित सबसे मजबूत उपलब्ध टीम है। इस टीम के 17 खिलाड़ियों में से 10 पहली बार एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेंगे, जिसमें उप-कप्तान जोस बटलर भी शामिल हैं। तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का यह चौथा एशेज दौरा है। सरे के ऑलराउंडर करेन को पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फैक्चर के कारण टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं डरहम के बेन स्टोक्स चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने अपनी उंगली की चोट और मानसिक स्वास्थ्य को देखते हुए पहले ही क्रिकेट से ब्रेक ले रखा है। एशेज दौरा नवंबर में होगा। इस दौरे में कोरोना प्रतिबंधों को लेकर इंग्लैंड के कई खिलाड़ियों ने आपत्ति जतायी है।

सिल्वरवुड ने कहा, इंग्लैंड के टेस्ट क्रिकेटर के रूप में ऑस्ट्रेलिया का दौरा सबसे पहले है.मुझे खुशी है कि हमारे सभी उपलब्ध खिलाड़ी दौरे पर जाने के लिए तैयार हैं।

### टीम इस प्रकार है

जो रूट (कप्तान), जेम्स एंडरसन, जॉनी बेयरस्टो, डोम बेस, स्टुअर्ट ब्रॉड, रॉरी बर्न्स, जोस बटलर, जैक क्राउले, हसीब हमीद, डैन लॉरेंस, जैक लीच, डेविड मलान, क्रेग ओवरटन, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, क्रिस वोक्स, मार्क वुड।

## प्राकृतिक खेती से हिमाचल के सेब उत्पादकों को 100 रुपए ?किलो मिला भाव

**शिमला।** प्राकृतिक खेती के जरिए पैदा किए गए सेब से हिमाचल प्रदेश के किसानों को फायदा हुआ है। प्राकृतिक खेती की तकनीक से उनके बाग में पैदा हुए सेबों की इस साल कीमत अप्रत्याशित रूप से 100 रुपए ?किलो से अधिक रही।



एक महिला किसान का कहना है कि जैसे ही स्थानीय बाजार धमंदरी में एक खरीदार ने मेरे बक्सों पर 'प्राकृतिक सेब' का लेबल देखा, तो उसने तुरंत कहा कि वह इस कीमत पर सारे सेब खरीद लेगा। मैंने 50,000-60,000 रुपए भी बचाए, जो एक बड़ा मुनाफा है। महिला किसान पांच बीघा में सेब के बाग सहित 10 बीघा जमीन पर एसपीएनएफ खेती कर रही है। प्राकृतिक सब्जियों के खरीदार भी उनके पास आते हैं और उन्हें अच्छी कीमत देते हैं। एसपीएनएफ पद्धति देसी गाय के गोबर और मूत्र और कुछ स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों से प्राप्त खाद पर आधारित है। एसपीएनएफ के लिए खाद घर पर तैयार की जा सकती है। प्राकृतिक खेती की तकनीक से आठ बीघा जमीन पर सेब उगाने वाले एक ?किसान ने तमिलनाडु, गुजरात और कर्नाटक जैसे राज्यों में एक सेब का डिब्बा (प्रत्येक में 25 किलो) 4,200-4,500 रुपए में बेचा, जिसमें परिवहन लागत भी शामिल है। हिमाचल प्रदेश में कृषि और बागवानी फसलों के लिए गैर-रासायनिक कम लागत वाली जलवायु अनुकूल एसपीएनएफ तकनीक को पीके3वाई के तहत बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसे राज्य सरकार ने 2018 में शुरू किया था। शिमला में राज्य परियोजना कार्यान्वयन इकाई (एसपीआईयू), पीके3वाई द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार हिमाचल प्रदेश में अब तक 1,33,056 किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं, जिसमें 7609 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है।

# पेट्रोल फिर 30 और डीजल 35 पैसे प्रति लीटर महंगा



**मुंबई)।** वै?श्विक बाजार में कच्चे तेल में जारी तेजी और डॉलर की तुलना में रुपया में आई गिरावट के कारण देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगी आग थमने का नाम नहीं ले रही है। इस सप्ताह की शुरूआत भी इन दोनों की कीमतों में बढोतरी के साथ हुई है। सोमवार को लगातार सातवें दिन घरेलू स्तर पर पेट्रोल 30 पैसे प्रति लीटर और डीजल 35 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया। इस बढ़त के बाद दिल्ली में पेट्रोल 104.44 रुपए प्रति लीटर और डीजल भी 93.17 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया। अभी देश के अधिकांश प्रमुख बड़े शहरों में पेट्रोल की कीमत 100 रुपए प्रति लीटर से अधिक हो गई है और डीजल भी शतक लगाने की ओर बढ़ रहा है। राज्यों की राजधानियों की बात करें तो रांची में पेट्रोल और डीजल की कीमतें एक होने जा रही है। पेट्रोल 98.99 रुपए प्रति लीटर और डीजल 98.39 रुपए प्रति लीटर पर है। लगातार पांच दिनों की तेजी के बाद गत सोमवार को इन दोनों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ था लेकिन उसके बाद से तेजी बनी हुई है। राजधानी दिल्ली में इनकी कीमतें अब तक के रिकाड ्स्तर पर पहुंच चुकी है। पिछले 10 दिनों में पेट्रोल 2.80 रुपए महंगा हो चुका है। डीजल भी इस दौरान 3.30 रुपए प्रति लीटर चढ़ चुका है। ओपेक देशों की बैठक में प्रतिदिन चार लाख बैरल तेल उत्पादन बढ़ाने का निर्णय लिया गया था जबकि कोरोना के बाद अब वैश्विक स्तर पर इसकी मांग में जबरदस्त तेजी दिख रही है। इस निर्णय के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में जबरदस्त तेजी आई और यह सात वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। कच्चे तेल में तेजी के बाद अमेरिकी ने अपने रणनितिक भंडार का उपयोग करने की बात कही। इसके साथ ही दिल्ली में पेट्रोल 104.44 रुपए प्रति लीटर और डीजल 93.17 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया। इस बढोतरी के बाद दिल्ली एनसीआर के नोएडा में पेट्रोल 101.70 रुपए प्रति लीटर और डीजल 93.80 रुपए प्रति लीटर पर है।

# एयर इंडिया की न्यू होल्डिंग कंपनी के खाते में अनपेड बिल भी आएगा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एयर इंडिया के विनिवेश के लिए टाटा संस को चुन लिया है। एयर इंडिया की नई होल्डिंग कंपनी के पास अब रियल स्टेट, पेंटिंग भी जाने वाली हैं। एयर इंडिया की न्यू होल्डिंग कंपनी के पास अब बैंक के लोन के अलावा अनपेड बिल भी ट्रांसफर किया जाना है। एयर इंडिया ऐसेट होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के पास 15,834 करोड की एक्सेस लायबिलिटीज भी ट्रांसफर की जा रही है। यह एयर इंडिया के कुल कर्ज का एक चौथाई से अधिक है। अगस्त 2021 के आ?खिर तक एयर इंडिया का कुल कर्ज 61,562 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। एयर इंडिया ऐसेट होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के पास एक्सेस लायबिलिटीज में कई तरह की देनदारी शामिल है। जानकारी के मुता?बिक इसमें तेल कंपनियों का बकाया बिल, एयरपोर्ट ऑपरेटर और अन्य वेंडर के बिल आदि शामिल हैं। पिछले कई सालों से एयर इंडिया बढ़ते कर्ज संकट की वजह से इन सभी का बकाया चुकाने में नाकाम रही है। सरकारी कंपनी होने की वजह से इन सभी ऑपरेटर ने भी एयर इंडिया को बिल चुकाने से राहत दे दी थी। अपनी तरफ से सरकार ने भी कई मद में एयर इंडिया से संबंधित पेमेंट को डिले कर दिया था। इसमें अन्य पब्लिक सेक्टर की कंपनियों के एंप्लोई द्वारा टिकट खरीदारी पर चुकाया जाने वाला पेमेंट आदि शामिल है।

### आदित्य बिड़ला सनलाइफ एएमसी के शेयर जीरो प्रीमियम पर लिस्ट

**मुंबई।** असेट मैनेजमेंट कंपनी आदित्य बिड़ला सनलाइफ एएमसी के शेयर एक्सचेंज पर लिस्ट हो गए हैं। कंपनी के शेयर्स की लिस्टिंग उम्मीद के मुताबिक कमजोर रही। बीएसई ऱ्पर इसके शेयर्स की लिस्टिंग जीरो प्रीमियम के साथ 712 रुपए पर ही हुई जो इसका अपर प्राइस बैंड था। जबकि एनएसई ऱ्पर शेयर की लिस्टिंग सिर्फ 3 रुपए प्रीमियम के साथ 715 रुपए पर हुई है। कंपनी का इश्यू प्राइस 712 रुपए था। इश्यू 29 सितंबर को खुला था।

### रेडमी लांच कर सकती है नए स्मार्टफोन के तीन मॉडल

**नई दिल्ली)।** चाइना की शाओमी कंपनी एक बेहतरीन स्मार्टफोन पर काम कर रही है। इस स्मार्टफोन का नाम है रेडमी के 50 । कंपनी इसके तीन मॉडल लांच कर सकती है, जिनमें रेडमी के50, रेडमी के 50 प्रो और रेडमी के 50 प्रो प्लस शामिल हो सकते हैं। हालांकि कंपनी की तरफ से किसी भी तरह की कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई है। यह जानकारी एक टिपस्टर के जरिए सोशल मीडिया में वायरल हो रही है।फोन में के 40 प्रो+ की तरह 120 एचझेड का रिफ्रेश रेट मिलेगा। फोन कम से कम 6जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज के साथ आ सकता है। इसमें स्नैपड्रैगन 898 चिपसेट मिलने की संभावना है। फोटोग्राफी के शौकीन लोगों के लिए यह फोन बहुत अच्छा साबित हो सकता है। इसमें 108 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा दिए जाने की बात कही गई है। यह प्राइमरी कैमरा पेरिस को जूम लेंस के साथ आएगा। कंपनी ने इसमें 5000 एमएएच की बैटरी भी दी है ऐसा टिप्स्टर का दावा है। चाइनीस टिपस्टर ने इस स्मार्टफोन के बारे में काफी कुछ सूचनाएं लीक की है, यहां तक कि इस फोन के स्पेसिफिकेशंस भी। टिप्स्टर के अनुसार, यह फोन टॉप-सेंटर पंच-होल डिस्प्ले के साथ आएगा। कंपनी इस फोन में इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट के साथ अमोलेड पैनल ऑफर करने वाली है।



# खंडवा में प्रचंड मतों से जीत होगी स्वर्गीय नंदू भैया को सच्ची श्रद्धांजलि: विष्णुदत्त शर्मा

### प्रदेश अध्यक्ष ने बुरहानपुर में किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित दल है। यहां एक बूथ अध्यक्ष भी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। अमित शाह इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता कल को देश, प्रदेश, जिले व मंडल में किसी भी स्तर पर दायित्व निभा सकता है। बुरहानपुर के हर बूथ पर हम चुनाव जीतें इस रणनीति पर हमें काम करना है। हमारा एकमात्र लक्ष्य इस चुनाव में प्रचंड मतों से जीत हासिल करना है। यही स्वर्गीय नंदू भैया को हमारी ओर से सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को बुरहानपुर में चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही।

**कन्यापूजन कर चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन:** प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुरहानपुर में पार्टी पदाधिकारियों के साथ चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। पूर्व में विष्णुदत्त शर्मा ने कन्यापूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। जिसके पश्चात् डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर पूर्व मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस, प्रदेश उपाध्यक्ष अलोक शर्मा, बहादुरसिंह सोंधिया, खण्डवा लोकसभा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटील, बुरहानपुर जिलाध्यक्ष मनोज लधवे सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।




**मध्यप्रदेश में कांग्रेस सिर्फ 2 परिवारों तक सिमट गई:** प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कार्यालय उद्घाटन अवसर पर कहा कांग्रेस राजनीतिक पार्टी न होकर परिवार तक केंद्रित पार्टी बन चुकी है। देश मे कांग्रेस एक परिवार तक सिमट कर रह गई है। वहां यही द्वंद चलता रहता है कि अध्यक्ष कौन बनेगा। ऐसी ही स्थिति मध्यप्रदेश में भी हो गयी है। मध्यप्रदेश कांग्रेस दो परिवारों तक सिमट गई है। एक दिग्विजय सिंह जिन्होंने 2003 से पहले प्रदेश को दुरावस्था में डालकर बंटाधार कर दिया था। और दूसरे कमलनाथ जो गलती से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बन गए और बनने के बाद वल्लभ भवन में बैठकर दलाली करते थे। उन्होंने कहा कि भाजपा को पार्टी विथ डिफरेंस इस लिए ही कहा जाता है क्योंकि यहां कोई भी साधारण कार्यकर्ता भी कल किसी भी दायित्व का निर्वहन कर सकता है।

**कुशाभाऊ जी ने पार्टी को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई:** विष्णुदत्त शर्मा ने स्वर्गीय कुशाभाऊ का स्मरण करते हुए कहा कि खण्डवा एक ऐसा लोकसभा क्षेत्र है जहां से श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी सांसद रहे हैं, जिन्होंने केवल मध्यप्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी को मजबूत राजनैतिक दल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रदेश अध्यक्ष ने स्वर्गीय नंदू भैया को याद करते है कहा कि सरल, सहज नंदु भैया के निधन से यह चुनाव हमारे सामने है, इस चुनाव में हर बूथ पर भाजपा की जीत ही सच्चे अर्थों में नंदु भैया को आदरांजलि होगी। नंदु भैया ने इस क्षेत्र के विकास के जो काम शुरू किए उन्हें ज्ञानेश्वर पाटिल पूरा करेंगे।

**मुख्यमंत्री रहते कमलनाथ ने बुरहानपुर की जनता की सुध क्यों नहीं ली:** विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि सुना है कमलनाथ जी बुरहानपुर आने वाले हैं। उन्हें जवाब देना चाहिए कि जब वह मुख्यमंत्री थे तब उन्हें बुरहानपुर की जनता की याद क्यों नहीं आई? तब वे वल्लभ भवन में बैठकर सिर्फ उद्योगपतियों से मिलते थे।

## वन-टू-वन

### पुष्पा नगर में सजी कर्नाटक की श्री दुर्गापरमेश्वरी कातिल मंदिर की झांकी



**भोपाल।** माँ मुरादों वाली धार्मिक एवं बहुउद्देश्यीय सेवा समिति पुष्पा नगर चौराहा वार्ड 39 समिति द्वारा इस बार कर्नाटक राज्य में स्थित श्री दुर्गापरमेश्वरी कतिल मन्दिर स्वरूप निर्माण किया गया है। मीडिया प्रभारी एवं सहसचिव विजेन्द्र शुक्ला ने बताया कि भक्त बडी संख्या में अपनी मुरादे मांगने कर्नाटक के प्रसिद्ध मंदिर दुर्गापरमेशवरी कातिल मंदिर पहुंचते है जहां मॉ दुर्गा भक्त की हर मुराद पूरी करती है। इसलिए इस समिति ने इस बार झांकी को उसी मंदिर की तर्ज पर बनाया है। समिति अध्यक्ष-विकास साहू, उपाध्यक्ष-राजू जैन,कोषाध्यक्ष-संजय दुबे,सचिव-मोहन खटीक सहसचिव-वृजेन्द्र शुक्ला, समिति के सदस्य-नितिन साहू,दीपक साहू,राहुल साहू,केशव महावर, आकाश पाल, विनोद साहू,बिट्टू महावर,सोनू मलजोनिया, है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर ई-कंटेंट तैयार करने वाला मप्र पहला राज्य

**भोपाल।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के आधार पर ई-कंटेंट उपलब्ध कराने वाला मध्य प्रदेश संभवत देश का पहला राज्य होगा। प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातक प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम में हुए बदलाव को देखते हुए 17 मुख्य विषयों का ई-कंटेंट तैयार किया जा रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि 10 नवंबर तक एक हजार से अधिक ई-कंटेंट माडल तैयार किए जाने की कार्ययोजना है। प्रथम वर्ष के लिए लगभग 1500 माड्यूल्स के ई-कंटेंट तैयार करने का लख्य है। द्वितीय चरण में कुछ अन्य विषयों पर भी कंटेंट तैयार किए जाएंगे। मंत्री ने कहा कि प्रदेश के महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को कोर्स की किताबों के अलावा पढ़ाई के लिए ई-मटेरियल भी उपलब्ध होगा। आनलाइन माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। इसके संपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। डा. यादव ने कहा कि तैयार किए जा रहे कंटेंट विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियम अनुसार वीडियो व्याख्यान, ई-टेक्स्ट, मूल्यांकन के प्रश्न और अन्य विषय-वस्तु के संदर्भ उपलब्ध होंगे। ज्ञात हो कि प्रदेश की सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के नियमित शिक्षकों, अतिथि विद्वानों द्वारा यह कार्य निन्शुल्क किया जा रहा है। इस कार्य के लिए लगभग 1400 शिक्षकों से आवेदन प्राप्त हुए। इन शिक्षकों के लिए सात बैंचों में छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया। इसमें कुल 1056 शिक्षकों को सफलतापूर्वक एफडीपी पूर्ण करने पर प्रमाण-पत्र जारी किया गया।अब स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को महंगी किताबें नहीं खरीदनी पड़ेंगी।

### सिडनी में पूर्ण वैक्सीनेट लोगों के लिए कई पाबंदिया खुलीं

**कैनबरा।** कोरोना महामारी के घातक डेल्टा वेरियंट के प्रकोप से ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े शहर सिडनी में 100 से भी अधिक दिन तक लॉकडाउन रहने के बाद, सोमवार को पहली बार जिम, कैफे, हेयर ड्रेसर की दुकानें पूर्ण टीकाकरण करवा चुके लोगों के लिए फिर से खुल गईं। न्यू साउथ वेल्स राज्य में रहने वाले 16 वर्ष और अधिक आयु के 70 फीसदी लोगों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है, इसे देखते हुए ही सिडनी ने इन गतिविधियों को पुन~ शुरू करने का फैसला लिया। सोमवार तक 73.5 फीसदी आबादी का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है और 90 फीसदी लोगों को टीके की कम से कम एक खुराक लग चुकी है। जैसे ही 80 फीसदी लोगों का टीकाकरण हो जाएगा, कोरोना वायरस के कारण लगाई गई अन्य पाबंदियां भी हटा दी जाएंगी। न्यू साउथ वेल्स के लोग पिछले वर्ष मार्च के बाद पहली बार विदेश यात्रा पर जा सकेंगे। बीते 24 घंटे में न्यू साउथ वेल्स में संक्रमण के 496 मामले सामने आए हैं और आठ संक्रमितों की मौत हुई है। वहीं विक्टोरिया राज्य में इस अवधि में संक्रमण के 1,612 मामले आए और यहां भी आठ लोगों की मौत हुई। सिडनी में लॉकडाउन 26 जून को शुरू हुआ था जब सिडनी से लेकर मेलबर्न तक कोरोना वायरस के बेहद संक्रामक स्वरूप डेल्टा का प्रकोप था।

### द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने किर्गिस्तान पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर

**बिश्केक, किर्गिस्तान।** तीन मध्य एशियाई देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर किर्गिस्तान, कज़ाखस्तान और आर्मेनिया की अपनी चार दिवसीय यात्रा के तहत रविवार को यहां पहुंचे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर 11-12 अक्टूबर तक कजाखस्तान की यात्रा पर रहेंगे जहां वे एशिया में संवाद एवं विश्वास निर्माण के उपाय (सीआईसीए) पर छठे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सीआईसीए की बैठक कजाखस्तान की राजधानी नूर-सुल्तान में हो रही है। कजाखस्तान इस समूह का वर्तमान अध्यक्ष है। यहां मनास अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के तुरंत बाद जयशंकर ने ट्वीट किया, 'विदेश मंत्री रुस्लान कजाकबायेव के निमंत्रण पर किर्गिस्तान के बिश्केक पहुंचने पर खुशी हुई। सकारात्मक यात्रा की उम्मीद है।' हवाई अड्डे पर जयशंकर का स्वागत किर्गिस्तान के उप विदेश मंत्री ऐबेक अर्तिकबाएव और भारतीय राजदूत आलोक ए डिमरी ने किया। यहां भारतीय दूतावास ने मंत्री के बिश्केक आगमन की तस्वीरें साझा करते हुए ट्वीट किया। बिश्केक में अपने प्रवास के दौरान, जयशंकर राष्ट्रपति सदिर जापरोव से मुलाकात करने के अलावा किर्गिस्तान के अपने समकक्ष के साथ बातचीत करेंगे।

# बालिकाओं को विधिक रूप से साक्षर होना एवं बाल विवाह से बचना आवश्यक: श्री सिंह

**(अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित)**
**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**




उज्जैन। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिरण जबलपुर के निर्देशानुसार सोमवार 11 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय कन्य उच्चतर माध्यमिक विघालय महाराजवाडा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एन.पी. सिंह एवं डीजे श्रीमती अर्चना सिंह के मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलन कर के किया गया।

इस अवसर पर श्री सिंह द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में बालिकाओं को विधिक रूप से साक्षर होना एवं बाल विवाह से बचना आवश्यक है। उनके द्वारा इस अवसर पर बालिकाओं को समाज में समानता का दर्जा दिये जाने का अवाहन करते हुए बनाये गये कानूनों की चर्चा की गई और बताया गया कि वर्तमान समय में पिता की संपत्ति में बालिकाओं को भी पुत्रों के समान अधिकार प्राप्त है। लैंगिक अपराधों की चर्चा करते हुए श्री सिंह के द्वारा बताया गया कि ऐसे मामलों में बालिकाओं को बिना किसी संकोच के अपराधी व्यक्ति को सजा दिलाने के लिये आगे आना चाहिये। कानून में ऐसे प्रावधान किये गये हैं कि उनकी पहचान उजागर नहीं की जायेगी और पीड़ित बालिकाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा पीडित प्रतिकर योजना के अतंर्गत उनके पुनर्वास हेतु प्रतिकर भी दिलाया जायेगा।

डी.जे. श्रीमती अर्चना सिंह के द्वारा बालिकाओं को अपनी शिक्षा पर पूर्ण ध्यान देने एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की सलाह देते हुए बताया गया कि वर्तमान समय में बालिकाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है। शिक्षित होकर बालिकाएं एक साथ दो परिवार को शिक्षित कर सकती है। वहीं अशिक्षा के कारण उनके अधिकारों का हनन होने की संभावना बनी रहती है। संस्था के सचिव/जिला न्यायाधीश अरविंद कुमार जैन के द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी देते हुये उनका लाभ उठाने एवं अपने मोहल्ले पडोसियों एवं जन-सामान्य में शिविर में बताई गई बातों और योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने की सलाह दी गई और बिना ड्रायविंग लाइसेंस एवं वैध बीमा के वाहन न चलाने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# नवदुर्गा पर नगर पालिका अम्बाह की लापरवाही सफाई पर कोई ध्यान नही



सुनील तोमर रिपोर्टर

**पुष्पांजली टुडे, अम्बाह।** कहने को मिलता था कि अम्बाह नगर पालिका स्वच्छता सफाई में मे जिले टॉप आया है यह कहावत कागजो में शेष मात्र है अगर बाजार में देखा जाये तो जगह जगह पर कचरो के ढेर लगे है हाथी गढ्ढा गली मे तो डेगू मलेरिया पालने के लिये नालियो को सफाई के लिये नजर अंदाज किया जारहा है दवाई छिडकाब की तो छोडो सफाई को लेकर मुख्य जगह पर दिखावटी अभियान चलाकर नम्बर बढाने में लगे है हाथी गढा से रमेश मेहम्बर बाली गली तो नगरपालिका की गिनती में नही है यहॉ सफाई के लिये कई बार शिकायत की गई परन्तु कोई ध्यान नही दिया गया कौराना काल से अभी उभरे नही है डेगू मलेरिया जैसी बीमारियो को परोसने में अम्बाह नगर पालिका पीछे नही है अगर शहर में सफाई पर ध्यान नही दिया तो बीमारी होना निश्चित समझे कहा बर्षा जब कृषी सुखाने जैसी कहावत होगी।

## प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द महाराज ने महेन्द्रसिंह राजपुरोहित को शॉल ओंढाकर किया बहुमान



**पुष्पांजली टुडे, मड्या।** मलवल्ली तहसील में स्थित वैलकवाडी गांव में शनिवार रात को शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य पर जागरण का आयोजन रखा। इस अवसर पर तामीलनाडु पॉन ब्रोकर्स एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द महाराज ने बन्नूर गांव रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी महेंद्रसिंह राजपुरोहित को माला पहनाकर व शॉल ओंढाकर सम्मानित किया गया । स्वामी तेजानंद महाराज ने बताया की महेंद्रसिह राजपुरोहित की मानवता का परिचय एक मिशाल के रूप में कार्यो ने मानव प्रेरित निभा रहें है ।महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने बताया की धन कमाना बड़ी बात नही है ।लेकिन धन का सदुपयोग सही रास्तों में धर्म और गरीब हितार्थ के लिए खर्च करना बड़ी बात है । जागरण में आए तामिलनाडु स्टेट पॉन ब्रोकर्स एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द महाराज, एसोसिएशन के युवा मोर्चा महासचिव रमेश भायल, निजी सचिव देव मिश्रा व बुधाराम बर्फा, सहित आस -पास गांवों से बड़ी संख्या समाजों के लोग मौजूद थे ।

# अफगानिस्तान में 10 लाख बच्चे कुपोषण से पीड़ित: यूनिसेफ



**तालिबान सरकार कंगाली की कगार पर, देश में रोजी-रोटी का संकट**

**काबुल)।** अफगानिस्तान में तालिबान शासन के बाद मानवीय संकट बढता जा रहा है। तालिबान सरकार कंगाली के दौर से गुजर है और देश में रोजी-रोटी के लाले पड़े हुए है। हालात ये है कि अगर जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय सहायता न मिली तो भुखमरी, अकाल, गंभीर बीमारियों जैसी आपदाओं का सामना करना पड़ सकता है। इस सप्ताह अफगानिस्तान का दौरा करने वाले यूनिसेफ के उप कार्यकारी निदेशक उमर आब्दी का कहना है देश में करीब दस लाख बच्चों के गंभीर कुपोषण से पीड़ित होने का अनुमान है। अफगानिस्तान की यात्रा समाप्त करने के बाद यूनिसेफ के शीर्ष अधिकारी ने उमर आब्दी ने चेतावनी दी कि जब तक तत्काल सहायता प्रदान नहीं की जाती, कम से कम दस लाख अफगान बच्चे गंभीर कुपोषण का शिकार हो सकते हैं और यहां तक ????कि उन बच्चों को मौत का सामना करना पड़ सकता हैं। यूनिसेफ ने एक बयान में कहा कि खसरा के गंभीर प्रकोप और तीव्र पानी वाले दस्त ने स्थिति को बढ़ा दिया है। इस स्थिति ने बच्चों को जोखिम में डाल दिया है। आब्दी ने काबुल में इंदिरा गांधी बाल अस्पताल के अपने दौरे के दौरान गंभीर कुपोषण से पीड़ित दर्जनों बच्चों से मुलाकात की, जो एक जानलेवा बीमारी से जूझ रहे हैं। अफगानिस्तान में तालिबान के वरिष्ठ लोगों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण, पोषण, पानी और स्वच्छता और बाल संरक्षण सेवाओं तक बच्चों की पहुंच की आवश्यकता को रेखांकित किया। पोलियो, खसरा और कोविड टीकाकरण को फिर से शुरू करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों और समुदायों को टीके और बीमारियों से बचाने में मदद करने की तत्काल आवश्यकता है। दुनिया में पाकिस्तान और अफगानिस्तान ही ऐसे देश हैं। जहां पोलियो की बीमारी बनी हुई है।

# ब्रिटेन का दावा- रूस ने कोविशील्ड का ब्लूप्रिंट चुराया फिर इजाद की स्पूतनिक-वी कोरोना वैक्सीन




**लंदन।** रूस पर कोरोना वैक्सीन के फार्मूले को चुराने का गंभीर आरोप ब्रिटेन ने लगाया है। ऑक्?सफोर्ड की कोरोना वैक्सीन कोवशिल्ड को लेकर ब्रिटेन ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। ब्रिटेन के सुरक्षा सूत्रों ने कहा है कि रूस ने ऑक्सफोर्ड / एस्ट्राजेनेका की कोविशील्ड वैक्सीन का ब्लूप्रिंट चुराया और इसके बाद अपनी स्पूतनिक कोरोना वैक्सीन का निर्माण किया। यही नहीं एक रूसी एजेंट वैक्सीन के विकास के दौरान मौजूद था। उसी ने ऑक्सफोर्ड की वैक्सीन का डिजाइन रूस को दे दिया। सूत्रों ने कथित रूप से मंत्रियों को बताया कि इस बात के पक्के सबूत हैं कि रूस के लिए काम करने वाले जासूसों ने एस्ट्राजेनेका कंपनी से यह कोविशील्ड का डिजाइन चुराया ताकि अपनी स्पूतनिक वैक्सीन को बनाया जा सके। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक विदेशी एजेंट ने कोविशील्ड का ब्लूप्रिंट और जरूरी सूचना चुरा लिया। यह दावा ऐसे समय पर आया है जब कुछ महीने पहले ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दावा किया था कि उन्होंने स्पूतनिक वी कोरोना वैक्सीन लगवाई है।

पुतिन ने रूसी जनता से अपील की कि वे कोरोना से जंग के लिए वैक्सीन लगवाएं। रिपोर्ट में कहा कि सितंबर में मॉस्को में हुए दो शुरुआती क्लिनिकल ट्रायल के नतीजे ब्रिटेन के प्रतिष्ठित जर्नल में प्रकाशित हुए थे। इसमें संकेत मिलता है कि रूसी वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी है। रूसी वैक्सीन स्पूतनिक में ठीक उसी तकनीक का प्रयोग किया गया है जो ऑक्सफोर्ड की वैक्सीन में है। इस अध्ययन को करने वाले रूसी वैज्ञानिकों ने कहा कि कोरोना वैक्सीन लगाए जाने के बाद लोगों में बेहतर इम्यून रेस्पांस मिला और किसी गंभीर दुष्प्रभाव का सामना नहीं करना पड़ा। पश्चिमी देशों के स्वतंत्र वैज्ञानिकों का कहना है कि ये परिणाम कुछ हद तक आश्वासन देने वाले हैं लेकिन चेतावनी दी कि ये ट्रायल बहुत छोटे हैं और लाखों रूसी लोगों को लगाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। रूसी अध्ययन में केवल 76 लोग शामिल थे और इनमें से केवल आधे को ही वास्तव में कोरोना का टीका लगाया गया था।

## 'द लास्ट ड्यूल' के प्रीमियर पर एक बार फिर साथ दिखे जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जेनिफर लोपेज और अभिनेता बेन एफ्लेक लंबे अंतराल तक डेट्स के बाद भी विवाह के बंधन में नहीं बंध पाए हो पर जब भी एक साथ नजर आते हैं, उनके चाहने वाले उन पर अपना बेशुमार प्यार लुटाते हैं। हाल ही में दोनों, फिल्म 'द लास्ट ड्यूल' के प्रीमियर में रेड कार्पेट पर दिखाई दिए। इस फिल्म को 20वीं सेंचुरी स्टूडियोज के बैनर तले बनाया गया है। फिल्म 'द लास्ट ड्यूल', 14वीं सदी के फ्रांस की क्रूरता के पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह फिल्म वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है। दो दोस्त- जीन डे कारुगेस और जैक्स ले ग्रिस जहां पहले एक दूसरे पर जान छिड़कते हैं, फिर आपस में दुश्मन बन जाते हैं। फिल्म में बदले और प्रतिशोध की कहानी है। इस फिल्म में दो बार के ऑस्कर विजेता मैट डैमन, दो बार के अकादमी पुरस्कार से नामांकित एडम ड्राइवर, एमी विजेता जोडी कॉमर और दो बार ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित एक्टर बेन एफ्लेक मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन रेडल स्कॉट ने किया है। न्यूयार्क प्रीमियर के दौरान, बेन एफ्लेक मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए भी दिखे। इस दौरान जेनिफर बड़े ही धैर्य के साथ एक पिलर के पास खड़ी थीं। दोनों की जोड़ी को देखकर फैंस को बहुत अच्छा लग रहा है। फैंस कह रहे हैं, 'दोनों एक दूसरे का कितना सहयोग कर रहे हैं।' रेड कार्पेट पर दोनों एक दूसरे का हाथ थामे चल रहे थे, साथ ही वहां पर एक-दूसरे को किस भी किया। प्रीमियर में जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक सबसे खूबसूरत कपल लग रहे थे। बेन ने ब्लैक कलर का वेलवेट सूट पहना हुआ था, जबकि जेनिफर ने वाशबोर्ड एब्स आउटपिट पहना हुआ था।

# पत्रकार को खबर पर अपनी विश्वसनीय बनाये रखने की जरूरत: आर के जोशी

## पुष्पांजली टुडे का नवरात्रि मिलन समारोह सम्पन्न












ग्वालियर । पत्रकार समाज का वह आईना है जो दुनिया को सच्चाई से अवगत कराता है।इसलिए सभी लोग आईने की तरह सच्चाई दिखाने का कार्य करें।पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है व समाज मे पत्रकारो को अलग ही भूमिका है।यह बात पुष्पांजली टुडे समूह के पत्रकारो के नवरात्रि मिलन समारोह में समूह के कानूनी सलाहकार व कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मौजूद आर.के जोशी ने कही।यहां बता दें की मध्यप्रदेश के ग्वालियर शहर में सिटी सेंटर स्थित होटल ञ्द्धद्द ङ्क्तद्यद्यद्द1ह्लद्द में 10 अक्टूबर को पत्रकारो की समस्याओं से रूबरू होने व समूह के लिए नए सुझाव लेने के लिए नवरात्रि मिलन समारोह का आयोजन किया गया था।जिसमे विशिष्ट अतिथि पुष्पांजली जनकल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष छोटे सिंह भदौरिया,सौम्या ग्रुप के संचालक विपिन सिंह तोमर भिडोसा,सम्मानीय अतिथि अंशु जादौन व समूह संरक्षक बहादुर सिंह चौहान मौजूद रहे।वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबन्ध सम्पादक शैलेश सिंह कुशवाह ने की।कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियो के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर तिलक कर पुष्प अर्पित किये व दीप प्रज्वलित किये गए।तदोपरांत कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए संगठन के पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित अतिथियों का क्रमबध्य तरीके से स्वागत किया गया।इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद कानूनी सलाहकार आर के जोशी जी ने कहा कि पत्रकारिता का दौर तेजी से बदल रहा है। पत्रकारों को कई चुनौतियों का सामना भी करना प? रहा है। फिर भी पत्रकार समाज मे अपनी विश्वसनीय छाप छो? रहा है। इसलिए पत्रकार को खबर पर अपनी विश्वसनीय बनाये रखने की जरूरत है।पत्रकारो को लोकतन्त्र का चौथा स्तम्भ माना जाता है इसलिए आप सभी अपनी कलम सकारात्मक रूप से चलाएं।उन्होंने कहा कि पत्रकार की पत्रकारिता लोगों की सोच को भी परिवर्तित करती है।उन्होंने कहा कि कहा कि पत्रकारिता समाज को दिशा देने का काम करती है।इसी के साथ उन्होंने पुष्पांजली टुडे समूह को बधाई देते हुए कहा कि मुझे बड़ी खुशी है कि आपकी टीम बहुत ही सकारात्मक पत्रकारिता कर रही है।पुष्पांजली टुडे टीम के लिए उन्होंने कहा कि आपके पास युवाओं की एक बेहतर टीम है जिससे कि आप एक अलग ही मुकाम हासिल कर सकते हैं उन्होंने कहा कि अगर सभी मन लगाकर मेहनत करते रहेंगे तो वह दिन दूर नहीं जब सफलता हमारे कदम चूमेगी इसी के साथ उन्होंने पुष्पांजली टुडे समूह के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पुष्पांजली जनकल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष छोटेसिंह भदौरिया ने कहा कि आज के समय में पत्रकारों की जिम्मेदारिया बढ़ रही हैं। हर दिन एक नयी परिस्थिति आ रहा है।इस लिए इस परिस्थितियों की वजह से पत्रकारों के समक्ष आम लोगों के प्रति जिम्मेदारी बढ़ी है। अत⁻ पत्रकार को जानकारियों का पर्याप्त आकलन कर खबरों को पेश करना चाहिए। जिससे समाज मे लोंगो के बीच पत्रकार के प्रति विश्वास बना रहे।सौम्या ग्रुप के संचालक विपिन सिंह तोमर ने कहा कि जिस तरह से आज पत्रकारिता का पतन होते जा रहा है अगर सभी पत्रकार एक साथ संगठित होकर नही रहेंगे तो पत्रकारिता करना चुनौती पूर्ण होगा।लोकतंत्र में पत्रकार और पत्रकारिता दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है,पत्रकार और पत्रकारिता लोकतंत्र से जु?ी विधायिका कार्यपालिका और न्यायपालिका को निरंकुश होने से बचाती है पत्रकार और पत्रकारिता समाज और सरकार के बीच एक ऐसा दोहरा आइना माना जाता है जिसमें सरकार और समाज दोनों अपना अपना स्वरूप देखकर उसमें सुधार कर सकते हैं।पत्रकार और पत्रकारिता दोनों निंदक और प्रसंशक दोनों भूमिकाएं एक साथ निभाकर समाज और सरकार दोनों को सजग एवं जागरूक करती है।समूह संरक्षक बहादुर सिंह चौहान ने कहा कि समय की जरूरत है संघ का होना।विपरीत परिस्थिति में एक पत्रकार दूसरे पत्रकार मदद करे तो पत्रकारो पर कोई आंच नही आती है।मीडिया समाज को अनेक प्रकार से नेतृत्व प्रदान करता है।इससे समाज की विचारधारा प्रभावित होती है।मीडिया को प्रेरक की भूमिका में भी उपस्थित होना चाहिये जिससे समाज एवं सरकारों को प्रेरणा व मार्गदर्शन प्राप्त हो।मीडिया समाज के विभिन्न वर्गों के हितों का रक्षक भी होता है।वह समाज की नीति,परंपराओं,मान्यताओं तथा सभ्यता एवं संस्कृति के प्रहरी के रूप में भी भूमिका निभाता है।पूरे विश्व में घटित विभिन्न घटनाओं की जानकारी समाज के विभिन्न वर्गों को मीडिया के माध्यम से ही मिलती है।अत⁻ उसे सूचनाएँ निष्पक्ष रूप से सही परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करनी चाहिये।सम्मानीय अतिथि अंशु जादौन ने कहा कि समूह के माध्यम से पत्रकारों में संबंध और भाईचारा बनता है। एक दूसरे को जानने का मौका मिलता है।इसलिए सब एक साथ मिलकर रहें।सम्पादक भरत सिंह चौहान ने कहा कि पत्रकारिता के हर क्षेत्र में पत्रकार की भूमिका निभाना आजकल दुश्वार हो रहा है क्योंकि पत्रकारिता के हर क्षेत्र में समाजद्रोही अराजकतत्व भ्रष्ट सभी पत्रकारों को अपना दुश्मन मानने लगे हैं क्योंकि हर क्षेत्र में पत्रकारिता लोकतंत्र की प्रहरी बनी हुयी है।पत्रकारिता की फील्ड में आने से पहले हमें पत्रकारिता के मायने समझने होंगे हमें रिपोर्टिंग की बारीकियां जाननी चाहिए पत्रकारिता हमेशा प्रभावशाली व जिम्मेदारी युक्त होनी चाहिए,उन्होंने कहा कि गुटों में बंटकर हम अपनी ताकत बांट रहे हैं जो भविष्य में हमारे लिए घातक साबित हो सकती है।पुष्पांजली टुडे के उपसम्पादक व जनकल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय युवाध्यक्ष अर्पित गुप्ता ने कहा कि आंचलिक पत्रकार की महत्ता और भूमिका से कोई इंकार नहीं कर सकता।भले ही आज पत्रकारों के समक्ष कितनी चुनौती आएं,लेकिन वह उन? चुनौतियों का डटकर मुकाबला करता है। समय की जरूरत है संघ का होना।उन्होंने कहा कि हम पत्रकार समुदाय की एकता चाहते हैं। हम आने वाले पत्रकार पीढ़ियों के लिए नजीर बने,ताकि लोग समझें कि पत्रकारिता किसे कहते हैं। भले ही हम कम हो लेकर जब सब इकठ्ठे हो जाएंगे तो ताकत बन जाएंगे।उन्होंने कहा कि आजकल पत्रकारिता पत्रकार के विवेक पर नही बल्कि सम्पादक की इच्छा पर तथा सम्पादक की इच्छा सरकार की इच्छा पर आधरित होती जा रही है इस समय कुछ लोग पत्रकारों की बुद्धि का अपने हित में दोहन करने लगे हैं।आज पत्रकारिता कहीं न कहीं से बदनाम हो रही है।ये केवल इस कारण है कि पत्रकारिता में गैर पत्रकार खुद का भेष भूषा बदल कर आ गये है।उनको न खबर की गहराई से मतलब होता है और न खबर से।वह केवल अपने मतलब से पत्रकारिता कर रहे है।ऐसे लोगो के कारण पूरा पत्रकार समाज बदनाम होता जा रहा है।वैसे तो इसकी रोकथाम का कोई पुख्ता रास्ता नही है मगर एक प्रयोग के तौर पर ऐसे लोगो का बहिष्कार करके देखा जा सकता है।वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रबंध सम्पादक शैलेश सिंह कुशवाह ने कहा कि पत्रकार और पत्रकारिता को समाज के दबे कुचले बेजुबान लोगों की जुबान माना जाता है और अन्याय उत्पी?न के विरुद्ध आवाज बुलंद करने का एक सशक्त माध्यम माना गया है,पत्रकारिता और पत्रकार का इतिहास बहुत पुराना और सभी युगों में रहा है तथा नारद जी को आदि पत्रकार भी कहा जाता है,पत्रकारिता व्यवसाय नहीं बल्कि एक समाजसेवा और ईश्वरीय कार्य करने का सशक्त माध्यम मानी गयी है पत्रकार और पत्रकारिता समाज और सरकार की तस्वीर प्रस्तुत करके वास्तविकता से परिचय कराती है।इसी के साथ बैठक में उपस्थित दर्जनों पत्रकारो ने अपनी अपनी समस्याएं सामने रखी व समूह के लिए नए सुझाव भी दिए जिन्हें सम्पादक मंडल द्वारा जल्द से जल्द पूरा करने की बात कही गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि कोर टीम से विचार विर्मश के बाद बैठक पर आगे की रणनीति तय की जाएगी।कार्यक्रम के अंत मे मौजूद सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन शैलेश सिंह कुशवाह जी द्वारा किया गया

इस दौरान उपसम्पादक पुष्पेंद्र सिंह तोमर,सुरजीत सिंह,केशव प्रसाद शर्मा,अमित शर्मा,सन्दीप प्रधान,रमाकांत राजपूत,मान सिंह,अरुण शुक्ला,वृजेश सिंह भदौरिया,पंकज त्रिपाठी,नीतेश शर्मा,मनीष बंसल,गौरव शर्मा,मानवेंद्र सिंह जादौन,गौरव शर्मा,राधा तोमर,एंकर रश्मि चौहान,अंजली जादौन,दीक्षा तोमर,स्वाति तोमर,विबेक सैन,विबेक पाण्डेय,उमाकांत शर्मा,मोहन मांझी, सन्तोष भदौरिया,हरिओम परिहार,संजीव शर्मा,मानवेन्द्र सिंह राजावत के साथ समूह के रिपोर्टर,ब्यूरो,सम्भाग हैड,प्रदेश हैड आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय युवाध्यक्ष व उपसम्पादक अर्पित गुप्ता का मनाया गया जन्मदिन

नवरात्रि मिलन समारोह के दौरान समूह द्वारा पुष्पांजली जनकल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय युवाध्यक्ष व समूह उपसम्पादक अर्पित गुप्ता का जन्मदिन भी ब? ही धूमधाम से मनाया गया।इस दौरान समूह के अतिथियो,सम्पादक टीम व रिपोर्टरो ने उनका माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया व स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।वहीं इस यादगार सम्मान के लिए अर्पित गुप्ता ने समूह के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# सफाई व्यवस्था को लेकर हो जाएं सतर्क, अधिकारी करें नियमित मॉनीटरिंग :कन्याल



सफाई व्यवस्था को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में वर्तमान सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था हमारी पहली प्राथमिकता है तथा सफाई का कार्य एक दिन का कार्य नहीं है, यह प्रतिदिन का रुटीन का कार्य है। अभी हम

**ग्वालियर।** शहर की बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए हम सभी मिलकर एक टीम भावना के साथ कार्य करें तथा कचरा किसी भी हाल में सडक पर नहीं आना चाहिए, इसके लिए डोर टू डोर कचरा संग्रहण शत प्रतिशत घरों से हो तथा प्रत्येक घर से ही सूख व गीला कचरा अलग अलग मिले तो ही हम स्वच्छता के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर सकते हैं। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण करें व मॉनीटरिंग करें। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने सोमवार को स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए । निगम के प्रशासनिक भवन में आयोजित बैठक में निगमायुक्त श्री कन्याल ने अच्छा कार्य कर रहे थे लेकिन अब फिर से हमारा अमला धीमा हो गया है जो कि हमारे लिए अच्छा नहीं है। निगमायुक्त श्री कन्याल ने कहा कि अब दीपावली का त्यौहार आ रहा है तथा कचरे की मात्रा और अधिक बढेगी तथा यदि कचरा सडक पर आया तो स्थिति बिगडेगी, इसलिए हम सभी को अभी से कमर कसनी है तथा प्रतिदिन अधिकारी क्षेत्र में मॉनीटरिंग करें तथा कचरा घरों से एकत्रित होकर लेण्डफिल साइट पर पंहुचे। इसके साथ ही रोड स्वीपिंग मशीन से होने वाली सफाई को लेकर भी निगमायुक्त श्री कन्याल ने सभी अपर आयुक्तों को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्र में अपर आयुक्त प्रतिदिन भ्रमण करें तथा जहां रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई होती है उन सडकों की स्थिति देखें। निगमायुक्त श्री कन्याल ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कचरा ट्रांसफर स्टेशन प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रत्येक कचरा संग्रहण वाहन की ट्रेकिंग की व्यवस्था करने एवं सभी वार्डों का रुट चार्ट तैयार करने एवं हाउसहोल्ड की जानकारी सहित अन्य आवश्यक जानकारियां प्रदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में में अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता, श्री आर के श्रीवास्तव, श्री राजेश श्रीवास्तव, श्री संजय मेहता, अपर आयुक्त वित्त श्री देवेन्द्र पालिया, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा, श्री प्रेम पचौरी सहित स्वास्थ्य अधिकारी एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजेश को मिला राजीव आवास योजना का पटटा



**ग्वालियर ।** नगर निगम ग्वालियर की सम्पदा शाखा द्वारा श्री राजेश पुत्र श्री मिठठू लाल को राजीव आवास योजना के तहत पटटा प्रदान किया गया।

नोडल अधिकारी सम्पदा शाखा श्री अरविन्द्र चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री किशोर कान्याल द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में सम्पदा शाखा द्वारा शाखा में लंबित आवास आदि के सभी प्रकरणों का नियमानुसार निराकरण किया जा रहा है। आवेदक श्री राजेश पुत्र श्री मिठठू लाल द्वारा राजीव आवास योजना के अंतर्गत आवास के लिए आवेदन दिया गया था, जिसके चलते आज सोमवार श्री राजेश पुत्र श्री मिठठू लाल को राजीव आवास योजना के अंतर्गत महलगांव पैकेज में भवन क्रमांक आई एस 7 आवास का पटटा प्रदान किया गया।

# खेती किसानी के साथ-साथ किसानों को उद्यानिकी एवं पशुपालन के लिए भी करें प्रोत्साहित : कृषि उत्पादन आयुक्त

### श्री सिंह ने खरीफ कार्यक्रम की समीक्षा एवं रबी की तैयारियों की समीक्षा बैठक में दिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश




ग्वालियर। किसानों की आय में वृद्धि करने के लिये किसानों को खेती किसानी के साथ-साथ उद्यानिकी, पशुपालन के लिए भी प्रोत्साहित किया जाए। किसानों को समय पर खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कृषि उत्पादन आयुक्त श्री शैलेन्द्र सिंह ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्वालियर-चंबल संभाग में खरीफ कार्यक्रम की समीक्षा एवं रबी की तैयारियों की समीक्षा बैठक में यह बात कही। भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्री शैलेन्द्र सिंह के साथ एमडी मंडी बोर्ड श्री विकास नरवाल, संचालक कृषि श्रीमती प्रीति मैथिल नायक सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही ग्वालियर-चंबल संभाग के आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, कुलपति कृषि विश्वविद्यालय डॉ. राव एवं सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी ग्वालियर से और ग्वालियर ङ्क चंबल संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर और विभागीय अधिकारी अपने-अपने जिला मुख्यालय से बैठक में सम्मिलित हुए। ग्वालियर संभाग में रबी कार्यक्रम 2021-22 में 1504.08 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में तथा चंबल संभाग में 765.03 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में रबी की बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रबी कार्यक्रम के तहत गेहूँ, जौ, चना, मसूर, मटर, सरसों तथा अलसी की फसलें ली जायेंगीं।

कृषि उत्पादन आयुक्त श्री शैलेन्द्र सिंह ने कहा है कि किसानों को पर्याप्त खाद-बीज उपलब्ध हो, इसकी व्यवस्था की गई है। सभी जिला कलेक्टर अपने-अपने जिलों में सतत निगरानी कर किसानों को उनकी मांग अनुसार खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करें। खाद-बीज के वितरण में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। नकली तथा अमानक स्तर का खाद-बीज किसानों को न मिले, इसके लिये निगरानी की जाए। नकली खाद-बीज का व्यवसाय करने वालों के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई भी की जाए। ग्वालियर चंबल संभाग के लिये डीएपी एवं एनपीके की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। किसी भी जिले में किसानों को उर्वरक की उपलब्धता में कोई कमी नहीं रहेगी। उन्होंने समीक्षा के दौरान यह भी कहा कि किसानों को आधुनिक खेती के संबंध में भी कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाए ताकि किसान अधिक से अधिक उपज लेकर अपनी आर्थिक स्थिति को और मजबूत कर सकें। कृषि उत्पादन आयुक्त श्री शैलेन्द्र सिंह ने कहा है कि शासन द्वारा किसानों के हित में अनेक योजनायें संचालित की गई हैं।

# प्रभारी मंत्री श्री सिलावट आज ग्वालियर आयेंगे

ग्वालियर । प्रदेश के जल संसाधन एवं मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट एक दिवसीय प्रवास पर 12 अक्टूबर को ग्वालियर आयेंगे। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट आज प्रातः 5.30 बजे ग्वालियर आयेंगे। प्रातः 8.30 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती के अवसर पर अम्मा महाराज की छत्री पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# राज्य मंत्री श्री यादव आज ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे

**ग्वालियर।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के राज्य मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव 12 अक्टूबर को ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राज्य मंत्री श्री यादव इस दिन प्रात⁻ 8.30 बजे श्रीमंत राजमाता सिंधिया जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478